रोहतक
शनिवार, 17 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 106
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 44.8
न्यून. 24.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,330.59 | 200.15 ▼ |
| निफ्टी | 25,019.80 | 42.30 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 96,450 /- | 1400/- ▲ |
| चांदी | 98,000/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 85.53 | 1 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 64.59/ बैरल | 0.09% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे

### नीरज ने तोड़ी 90 मीटर की दीवार

**दोहा।** भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका। यह उनका बेस्ट थ्रो है। हालांकि डायमंड लीग के दोहा चरण में शुक्रवार को जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका। इससे पहले तक चोपड़ा शीर्ष पर चल रहे थे। चोपड़ा जेवलिन थ्रो में 90 मीटर से ज्यादा स्कोर करने वाले एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इतना ही नहीं, वे ऐसा करने वाले दुनिया के 25वें जेवलिन थ्रोअर बने हैं। *(खेल पेज भी देखें)*

### पंजाब: 85 किलो हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने पाक स्थित और आईएसआई नियंत्रित नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और भारत में इससे संबंधित गतिविधियां चलाने वाले व्यक्ति को 85 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। केस दर्ज कर लिया है। भाषा

### छात्राओं से छेड़छाड़ में 'प्रोफेसर' गिरफ्तार

**देहरादून।** रुड़की में राजकीय डिग्री कॉलेज में 12 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में एक सहायक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत में कहा कि डॉ. अब्दुल अलीम असांरी ने बीएससी की परीक्षा के दौरान छात्राओं से गंदी हरकत की। भाषा



### अब अमेरिका से भारत पैसा भेजना होगा महंगा

**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन के विदेश में भेजे जाने वाले धन पर पांच प्रतिशत कर लगाने की योजना से अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए घर पैसा भेजने की लागत बढ़ सकती है। इस कर की वजह से अमेरिका में रहने वाले भारतीयों पर सालाना 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का बोझ पड़ सकता है। अनुमानित राशि हाल में आरबीआई के लेख से संकलित 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित है। भाषा

### तुर्की के नए राजदूत की क्रेडेंशियल सेरेमनी रद्द

**नई दिल्ली।** तुर्की के साथ तनाव के बीच विदेश मंत्रालय ने भारत में तुर्की के नए राजदूत अली मूरत एर्सॉय का राष्ट्रपति भवन में होने वाला परिचय समारोह रद्द कर दिया है। इस कार्यक्रम में तुर्की के राजदूत को भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय प्रस्तुत करना था। इस कार्यक्रम को क्रेडेंशियल सेरेमनी कहते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल विभाग ने ये कार्यक्रम अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। किसी राजनयिक को दूसरे संप्रभु राज्य में राजदूत नियुक्त होने की पहचान है। एजेंसी

## सरकार सांसदों का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजेगी

# अब आतंक पर पाकिस्तान को दुनिया में बेनकाब करेगा भारत

### अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई का दौरा करेंगे 30 से अधिक सांसद
### बताएंगे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, 22 या 23 मई से 10 दिन के विदेश दौरे पर जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार पहलगाम में आतंकवादी हमले के प्रत्युत्तर में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आक्रामक राजनयिक अभियान के तहत वैश्विक स्तर पर भारत के पक्ष को मजबूती से रखेगी और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को दुनिया के सामने बेनकाब करेगी। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। वहां की सरकार को आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताएंगे। मुख्य विपक्षी कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से सरकार ने इसके लिए आह्वान किया है और कुछ दलों ने राजनयिक प्रयास के लिए अपने सदस्यों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। विदेश जाने वाले इन प्रतिनिधिमंडलों या उनके सदस्यों की संख्या को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं है, हालांकि कुछ नेताओं ने कहा कि 30 से अधिक सांसद हो सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल 10 दिनों की अवधि के लिए विभिन्न देशों का दौरा करेंगे। सांसद सरकार द्वारा निर्धारित देशों का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय इस राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले सांसदों को पूरी जानकारी देगा।

**इन दलों के सांसद होंगे शामिल**

भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल, माकपा और कुछ अन्य शामिल हैं।

### रीजीजू ने की खरगे से बात





कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने इस बारे में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बात की है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमलों और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दो सर्वदलीय बैठकों की अध्यक्षता करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री संसद का विशेष सत्र बुलाने पर सहमत नहीं हुए। कांग्रेस सामूहिक संकल्प दिखाने और 22 फरवरी, 1994 को संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को दोहराने की मांग कर रही है।' प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी लगातार कांग्रेस को बदनाम कर रही है, जबकि उसने एकता और एकजुटता का आह्वान किया है। 'अब अचानक प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख समझाने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का फैसला किया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा राष्ट्रीय हित के साथ खड़ी होती है और कभी भी भाजपा की तरह राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं करती है। इसलिए, कांग्रेस निश्चित रूप से इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा होगी।

**ये सांसद जा सकते हैं विदेश**

भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और ओडिशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा बनने वाले सत्तारूढ़ दल के सदस्यों में शामिल हैं। वहीं कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, जद (यू) के संजय झा, बीजद के सस्मित पात्रा, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले, द्रमुक की के कनिमोझी, माकपा के जॉन ब्रिटास और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए कहा जा रहा है।

### पाक के आतंक को समर्थन बंद करने तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

**केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने कैबिनेट सचिव को दी रिपोर्ट**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने कैबिनेट सचिव को बताया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी, 'जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और स्थायी रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।' कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन को सौंपी मासिक रिपोर्ट में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कहा कि सरकार ने घोषणा की है कि पहलगाम में नागरिकों पर 'पाकिस्तान प्रायोजित' आतंकी हमले के बाद संधि को स्थगित कर दिया है। वर्ष 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग से संबंधित है। सूत्रों के अनुसार, पाक के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने भारत को पत्र लिखा था।

### प्रस्ताव तैयार : रक्षा बजट 50 हजार करोड़ बढ़ा सकता है भारत

**पाक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम**

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपसे का बजट दिया था।



## हमारी कार्रवाई तो बस एक 'ट्रेलर' थी, जरूरत पड़ी तो पूरी 'पिक्चर' दिखाएंगे

**ऑपरेशन सिंदूर पर भुज में बोले राजनाथ सिंह**

- पाक आतंक का जन्मदाता आईएमएफ आर्थिक मदद देने पर पुनर्विचार करे
- पाक को आर्थिक सहायता टेरर फाइनेंसिंग से कम नहीं
- एक अरब डॉलर के कर्ज का बड़ा हिस्सा आतंकी ढांचों पर खर्च
- ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के माथे पर खतरे की लकीर

**भुज/नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली एक अरब डॉलर की सहायता पर शुक्रवार को पुनर्विचार करने का आग्रह किया और कहा कि इस्लामाबाद इस सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए कर सकता है। गुजरात के भुज वायुसेना स्टेशन पर वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक मिसाइल के इस्तेमाल की पुष्टि की और कहा कि इस हथियार ने पाकिस्तान को 'रात के अंधेरे में दिन का उजाला' दिखा दिया है। पाकिस्तान को स्पष्ट और कड़ा संदेश देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन अभी समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि मौजूदा 'संघर्षविराम' का मतलब है कि भारत ने पाकिस्तान को उसके बर्ताव के आधार पर 'परिवीक्षा' पर रखा है। 'यदि उसका बर्ताव सुधरता है, तब तो ठीक और यदि कोई गड़बड़ी करता है, तो उसे कड़ा दंड दिया जाएगा।' 'हमारी कार्रवाई तो बस एक ट्रेलर थी, अगर जरूरत पड़ी तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे। आतंकवाद पर हमला करना और उसे खत्म करना नए भारत का 'न्यू नॉर्मल' है।'

**ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी कर घिरे जगदीश देवड़ा**

## एमपी के डिप्टी-सीएम का विवादित बयान कहा, सेना पीएम के चरणों में नतमस्तक

### विवाद बढ़ा तो दी सफाई, मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया

**जबलपुर (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी और कहा, 'मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है।' इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। वहीं, भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी विवादित बयान दिया है। उन्होंने आतंकियों को अपना कहकर संबोधित किया और कहा कि भारतीय सेना ने पाक के जो 'हमारे' आतंकवादी हैं। उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। एक कार्यक्रम में उनकी जुबान फिसल गई।



**डिप्टी सीएम देवड़ा का पूरा बयान**

'मन में बहुत क्रोध था। लोग पर्यटक के रूप में घूमने गए थे। वहां धर्म पूछ-पूछकर और महिलाओं को एक तरफ खड़ा करके उनके सामने पति को गोली मारी। बच्चों के सामने गोली मारी। उस दिन से दिमाग में बहुत तनाव था। जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा और जिन माताओं के सिंदूर को मिटाने का काम जिन आतंकवादियों ने किया और आतंकवादियों को जिन्होंने पाला, जो पाल रहे हैं उनको नेस्तनाबूद नहीं कर देंगे, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे। प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे।...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके चरणों में पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, जितना कहा जाए, एक बार उनके लिए जोरदार तालियां बजाकर स्वागत करिए।

**कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी : मंत्री की याचिका पर 19 मई को सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश के मंत्री एवं भाजपा नेता विजय शाह की याचिका पर सुनवाई 19 मई के लिए सूचीबद्ध कर दी। पुलिस ने कर्नल सोफिया कुरैशी को निशाना बनाकर की गई टिप्पणी के लिए शाह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शाह की याचिका पर सुनवाई उनके वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह के अनुरोध पर स्थगित कर दी।

## प्रदेश के कई जिलों में बारिश, फरीदाबाद में आंधी से पेड़ और बिजली के पोल गिरे

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम बदल गया। इसके कारण बारिश हुई व आंधी चली। पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, यमुनानगर नूंह और कैथल में तेज हवा के साथ बारिश हुई। फरीदाबाद में आंधी, तूफान और बरसात ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया। ओल्ड फरीदाबाद में एक मकान पर लगा शीशा गिरने से कार से सामान

### मकान का शीशा गिरने से युवक की मौत झुग्गी गिरने से महिला और युवक घायल



निकाल रहे एक युवक की मौत हो गई, जबकि बिजली का पोल गिरने से सड़क किनारे झुग्गी में रही महिला और युवक घायल हो गए। एक अनुमान के मुताबिक शहर में करीब 200 से ज्यादा पेड़, सैकड़ों बिजली के पोल गिर गए। साथ ही जिसके चलते पूरे शहर में बिजली और यातायात व्यवस्था ठप हो गई।

**मौसम विभाग ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया**
**अगले 3 दिन तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश संभव**

### मौसम विभाग का कहना

मौसम विभाग ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, नूंह, पलवल में आकाशीय बिजली, 40-60 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान था। जींद, कैथल, करनाल, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, झज्जर, रेवाड़ी, फरीदाबाद में येलो अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिन तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इससे गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

### अर्धसैनिक बल के लिए सर्वोत्तम शारीरिक स्वास्थ्य जरूरत है, न कि प्राथमिकता

**दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सिविल नौकरी और अर्धसैनिक बलों की नौकरी के बीच अंतर करते हुए कहा कि बलों के कर्मियों का शारीरिक स्वास्थ्य सर्वोत्तम होना जरूरी है, जो न केवल एक प्राथमिकता है, बल्कि परिचालनगत प्रभावशीलता और सुरक्षा के लिए जरूरी है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने आईटीबीपी द्वारा एक अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से 'अयोग्य' घोषित करने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की। अभ्यर्थी के पास केवल एक वृषण (टेस्टिस) था, इसलिए उसे शारीरिक रूप से अयोग्य करार दिया गया था।

### काला हिरण शिकार केस : सैफ अली, नीलम, तब्बू, सोनाली की मुश्किलें बढ़ीं

**हाईकोर्ट पहुंची सरकार, बरी करने को दी चुनौती**

**जोधपुर (भाषा)।** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में काले हिरण के शिकार मामले में लीव-टू-अपील पर सुनवाई हुई। इसमें एक्टर सैफ अली खान, एक्ट्रेस तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। इस मामले की सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी। मामले के अनुसार 1 अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया गया था।

### स्वामी रामभद्राचार्य और गुलजार को मिला 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। स्वामी रामभद्राचार्य को साहित्य में उनके योगदान के लिए 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके अलावा गीतकार गुलजार को भी 2023 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। हिंदी लेखक विनोद कुमार शुक्ल को 2024 के लिए 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है।



**कैराना में घर से कई लोगों के पासपोर्ट व अन्य कागजात जब्त**

## पानीपत पुलिस ने पाकिस्तानी जासूस नोमान का घर जांचा

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** पानीपत पुलिस की सीआईए वन टीम शुक्रवार को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए नोमान इलाही मूल निवासी कैराना, जिला शामली यूपी को उसके पैतृक घर कैराना में स्थित बेगमपुरा बाजार लेकर गई। जहां पर नोमान के घर की तलाशी ली गई। इस दौरान नोमान के मुंह पर काला नकाब डाला गया और हाथों में हथकड़ी लगी रही। पुलिस उसके मकान से काफी संख्या में अलग-अलग लोगों के पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। इसके बाद पुलिस टीम वापस पानीपत लौट आई। जांच में पता चला कि सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के दौरान नोमान को श्रीनगर भेजने की प्लानिंग थी। उसके मोबाइल से मिली व्हाट्सएप चैट में यह खुलासा हुआ कि उसे सेना से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी श्रीनगर से भेजने के निर्देश दिए गए थे।



**पानीपत।** यूपी के कैराना में पाकिस्तानी जासूस नोमान को लेकर जांच के लिए पहुंची पानीपत पुलिस।

**आईएसआई खादर क्षेत्र में स्लीपर सेल तैयार कर रही**

नोमान की गिरफ्तारी होने के बाद यमुना खादर का इलाका एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई यहां स्लीपर सेल तैयार कर रही है। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवा उनके सॉफ्ट टारगेट हैं। कैराना निवासी और पाकिस्तान में रह रहे आईएसआई एजेंट इकबाल काना को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। नोमान से हुई पूछताछ में भी यह बात सामने आ रही है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि इकबाल काना और उसके साथी कई अन्य युवकों के संपर्क में थे।

**ये जिले यमुना से सटे :** हरियाणा में यमुनानगर, करनाल, पानीपत व सोनीपत, यूपी के सहारनपुर, शामली, बागपत यमुना नदी से सटे हैं। कैराना अधिक सुर्खियों में रहता है।

**कार्रवाई** ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी खुफिया जानकारी जुटाई, पाक के 5 एजेंटों के संपर्क में था देवेंद्र

**एसडीयू और पुलिस टीम ने मस्तगढ़ गांव के देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया**

## अब कैथल से पकड़ा गया पाक जासूस, सेना से जुड़ी जानकारी आईएसआई को भेजने का आरोप

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** कैथल जिले में एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया गया है। उस पर ऑपरेशन सिंदूर और सेना से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को भेजने के आरोप हैं। बताया जा रहा है कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट (एसडीयू) और पुलिस टीम ने मस्तगढ़ गांव के देवेंद्र सिंह(25) को आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, देवेंद्र सिंह को पहले 13 मई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अवैध हथियारों से संबंधित एक पोस्ट के चलते हिरासत में लिया गया था। जब उससे पूछताछ की गई तो चौंकाने वाले खुलासे हुए। उसने कबूल किया कि वह कॉरिडोर के रास्ते पाक स्थित करतारपुर साहिब, ननकाना साहिब, लाहौर और पंजा साहिब जैसे धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने गया था। इसी दौरान वह पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में आया।



**लड़की के जरिये फंसाया :** पाकिस्तान में आईएसआई ने देवेंद्र को एक लड़की के जरिए फंसाया। वह एक सप्ताह तक लड़की के साथ रहा और उसका पाक एजेंसी से गहरा संबंध बना। वापस लौटने के बाद भी वह लगातार पांच से अधिक पाकिस्तान एजेंटों के संपर्क में रहा और भारत से कई खुफिया जानकारियां साझा करता रहा।

**आर्मी कैंट क्षेत्र की तस्वीरें भेजी :** देवेंद्र सिंह पटियाला में पढ़ाई कर रहा था, उसने वहां के आर्मी कैंट क्षेत्र की तस्वीरें अपने मोबाइल फोन से खींचकर आईएसआई एजेंटों को भेजी थीं। उसने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी भी पाकिस्तान को भेजी, जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। पूछताछ में देवेंद्र ने कबूल किया कि जानकारी देने के बदले पाकिस्तान से उसे पैसे दिए जाते थे। उसने पैसे कई खातों में मंगवाए हैं। पुलिस उसके खातों की भी जांच कर रही है।

**डिजिटल डाटा किया डिलीट :** देवेंद्र को जब गांव में पुलिस जांच की भनक लगी तो उसने अपने पास से सभी डिजिटल डिवाइस से डाटा डिलीट कर दिया, ताकि कोई सबूत न बचे। अब कैथल पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट अब उस डाटा को रिकवर करने में जुटी है। उसके मोबाइल फोन व अन्य डिवाइस कब्जे में ले लिए हैं।

### रिमांड पर लिया

एसपी आस्था मोदी ने बताया कि देवेंद्र सिंह ने पाकिस्तान का दौरा किया था, जहां पर वह आईएसआई के संपर्क में आया और भारत लौटकर सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान को भेजता रहा। उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि उससे और अधिक जानकारी हासिल की जा सके। पुलिस जांच कर रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। यह मामला देश की सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक चेतावनी है कि किस तरह दुश्मन देश युवा पीढ़ी को अपने जाल में फंसा कर भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इसलिए युवाओं को सावधान रहने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की छुट्टी बहाल हुई

**चंडीगढ़।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव के कारण हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की रद्द की गई छुट्टियों को अब बहाल कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर ने सभी जिलों के चीफ मेडिकल ऑफिसर और प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर को लेटर जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि अब छुट्टी लेने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। गौरतलब है कि 10 मई को स्वास्थ्य विभाग ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने का आदेश जारी किया था।

### परीक्षार्थी दोबारा जांच व पुनर्मूल्यांकन के लिए कर सकते हैं आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाई गई सीनियर सेकेंडरी वार्षिक परीक्षा-2025 के परिणाम से जो परीक्षार्थी संतुष्ट नहीं हैं, उनके लिए उत्तर पुस्तिका की पुनः जांच या पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी पुनः जांच व पुनर्मूल्यांकन हेतु बोर्ड द्वारा निर्धारित शुल्क के सहित बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक से परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 20 दिन के अन्दर-अन्दर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## जन संवाद पोर्टल एवं सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा, लापरवाहों पर एक्शन

# आवास योजना की किश्त लटकी, कार्यकारी अभियंता सस्पेंड, पीपीपी में अज्ञात नाम जोड़ा, एक पर एफआईआर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा निवास में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार की अध्यक्षता में जन संवाद पोर्टल एवं सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक हुई। बैठक के बाद तीन बड़ी कार्रवाई की गई। पहले मामले में प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही बरतने पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय में तैनात कार्यकारी अभियंता को निलंबित किया गया। दूसरे मामले में परिवार पहचान पत्र में अज्ञात महिला का नाम जोड़ने और फिर उसे ठीक करने पर एक कर्मचारी पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। यह मामला करनाल के टीकरी गांव से जुड़ा हुआ है। वहीं शाहाबाद में गलत तरीके से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर म्युनिसिपल इंजीनियर के विरुद्ध चार्जशीट जारी करने के आदेश भी बैठक में दिए गए। बता दें कि जन शिकायतों के त्वरित समाधान और शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग एवं सिटीजन रिसोर्स इंफॉर्मेशन डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री ओएसडी विवेक कालिया एवं राकेश संधू उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में मुख्यमंत्री ओएसडी विवेक कालिया ने जानकारी दी कि जो आवेदन माननीय मुख्यमंत्री स्वयं अपने दौरों अथवा संत कबीर कुटिया में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त करते हैं, उन्हें जन संवाद पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इन प्रकरणों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा स्वयं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है।

### केस-1 | पीएम आवास योजना

### यूएलबी अधिकारियों ने शहरी क्षेत्रों में कई जगह निरीक्षण ही नहीं किया



इस बैठक के दौरान अधिकारियों के संज्ञान मे मामला आया जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में कई किश्तें यूएलबी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण न किए जाने के कारण लंबित हैं। इस विषय में डॉ. साकेत कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए लंबित लाभार्थी सूची प्रस्तुत करने एवं शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के लिए विभाग को निर्देशित किया। शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शिकायतों की अत्यधिक लंबित संख्या पाए जाने पर विभाग के मुख्यालय में तैनात कार्यकारी अभियंता को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए।

### केस-2 | परिवार पहचान पत्र

### परिवार किसी का, आईडी में नाम किसी और महिला का, ठीक भी नहीं किया

जिसके बाद करनाल जिले के टिकरी गांव से प्राप्त एक गंभीर शिकायत पर चर्चा की गई, जिसमें परिवार पहचान पत्र में एक अज्ञात महिला का नाम गलत तरीके से जोड़ दिया गया था। शिकायतकर्ता सुशील कुमार द्वारा बार-बार प्रयास करने के बावजूद नाम नहीं हटाया गया। इस गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए निर्देश दिए गए कि दोषी व्यक्ति की जिम्मेदारी तय कर उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए एवं प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### केस- 3 गलत तरीके से एनओसी जारी, म्युनिसिपल इंजीनियर पर चार्जशीट

बैठक के अंत में शाहाबाद से संबंधित एक मामले, जिसमें एक कॉलोनी में गलत तरीके से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया था, पर मुख्य सचिव कार्यालय की विजिलेंस शाखा को जांच कराने की अनुशंसा की गई है। प्रारंभिक स्तर पर दोषी पाए गए म्युनिसिपल इंजीनियर के विरुद्ध चार्जशीट जारी करने के आदेश भी बैठक में दिए गए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बैठक के दौरान सभी जिलों के अतिरिक्त उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि वे एक सप्ताह में सभी संज्ञान के लिए लंबित प्रकरणों में मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करें। यह भरी कहा कि जन संवाद पोर्टल और सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विकास कार्यों की निविदाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि सभी लंबित प्रस्तावों की व्यवहार्यता का शीघ्र मूल्यांकन कर रफ एस्टीमेट तैयार किया जाए तथा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर टेंडर प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महराना का एक तालाब व बंजर जमीन को मत्स्य पालन हेतु पट्टे पर छोडा जाना हैं। जिसकी दिनांक 20/05/2025 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सचिवालय में खुली बोलियों का आयोजन किया जाएगा। ऐच्छिक बोलीदाता को 25,000 रुपये जमानत राशि बोली से पहले जमा करवानी होगी। इसके अतिरिक्त अन्य नियम व शर्तें बोली से पूर्व मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-रामअवतार, सरपंच
ग्राम पंचायत महराना।

पीआरडीएच 1028/11/121/2026/34824/88/6 दि. 16.05.2025

## विज्ञापन/मुनादी

सर्व साधारण व सभी किसानों/लीजधारकों को सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगरपालिका चीका कार्यालय द्वारा अपनी कृषि योग्य भूमि की खुली बोली उपायुक्त महोदया कैथल द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि की अध्यक्षता में दिनांक 20.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक वर्ष 2025-26 के लिए नगरपालिका कार्यालय भवन में करवाई जा रही है। सरकारी बोली की राशि मु. 29000/-रूपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति मौके पर पहुंच कर जमीन/भूमि की खुली बोली दे सकते हैं। जिसके लिए नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका चीका कार्यालय में देख सकते हैं।

नोटः-कोई भी नगरपालिका का बकायादार व्यक्ति बिना बकाया अदा किए खुली बोली में भाग नहीं ले सकता है।

हस्ता/-सचिव, नगरपालिका चीका

# युवा डॉक्टर, इंजीनियर या उद्यमी बनें लेकिन त्याग की भावना रखें : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीरवार को देर शाम गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली पार्किंग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित श्री कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया के दौर में आज हमारी युवा पीढ़ी को आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति से दूर नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर या उद्यमी बनें, लेकिन जीवन में प्रेम और त्याग की भावना जरूर रखें। युवाओं को जीवन में संतुलन स्थापित करने के लिए भगवान श्री कृष्ण के कर्म के संदेश को अपनाना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी रहे थे। इस उत्सव में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व देशभर से संत समाज और भजन गायकों ने शिरकत की।

### 20 की हड़ताल स्थगित अब 9 जुलाई को होगी

**चंडीगढ़।** पहलगाम आंतकी हमले के बाद देश में बदले हालात को देखते हुए केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संघों के आह्वान पर 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। अब यह हड़ताल 9 जुलाई को करने का फैसला किया है। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि 20 मई को देशभर में कर्मचारी एवं मजदूर अपने कार्यस्थलों व डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यह फैसला केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की मीटिंग में लिया गया।

## प्रेस विज्ञप्ति

### कृषि भूमि को पट्टे (लीज) देने के लिए

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय, दूबलधन (झज्जर), अपने अधिकार में 13 एकड़ 05 कनाल कृषि भूमि को 28 मई 2025 से 30 अप्रैल, 2026 तक पट्टे (लीज) पर देना चाहता है। कृषि भूमि को पट्टे (लीज) पर देने के लिए प्रक्रिया 27 मई 2025 मंगलवार प्रातः 11.00 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। कृषि भूमि का पट्टे (लीज) पर लेने के लिए इच्छुक पक्ष किसी भी कार्यदिवस पर राजकीय महाविद्यालय दूबलवन कार्यालय में नियम और शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/-प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, दूबलधन (झज्जर)

पीआरडीएच 1031/11/222/2026/34834/88/6 दि. 16.05.2025

## प्रगत संगणन विकास केंद्र
CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING
विज्ञापन संख्या पुणे / परामर्शदाता/01/2025

उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्था है जो राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में लगी हुई है। निम्नलिखित विशेषज्ञता वाले अनुभवी और योग्य पेशेवरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

**एडवाइजर / वरिष्ठ सलाहकार एवं सलाहकार (अंशकालिक/पूर्णकालिक)**

- एचपीसी- प्रोसेसर विकास
- सॉल्यूशन आर्किटेक्ट - एंटरप्राइज एप्लिकेशन
- सर्वर/स्टोरेज सिस्टम एडमिन-एल 2 और एल3
- ई-गवर्नेंस में डोमेन विशेषज्ञ
- कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान
- क्वांटम (क्यूकेडी)-एफपीजीए प्रौद्योगिकियों
- बायोइंफॉर्मेटिक्स
- मैकेनिकल डिजाइन
- डेटाबेस डेवलपर
- पीएफ में डोमेन विशेषज्ञ
- तकनीकी हेल्पडेस्क

**नौकरी का स्थानः** दिल्ली/पुणे
**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत अधिसूचना के लिए www.cdac.in के "करियर" पेज पर जा सकते हैं और 6 जून, 2025 (18:00 बजे) तक या उससे पहले ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं
**पताः** सी-डैक, इनोवेशन पार्क, पंचवटी, पाषाण, पुणे -411008

**ध्यान दे:** इस संबंध में परिशिष्ट/अतिरिक्त संचार, यदि कोई हो, केवल सी-डैक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

एसडी/-
प्रमुख (एचआरडी), पुणे

एक दृष्टि.. एक लक्ष्य.. मानव उन्नति के लिए उन्नत कंप्यूटिंग.
नामुमकिन अब मुमकिन है

CBC 06132/12/0005/2526

# इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक की सीलिंग दर बढ़ाने की मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक की सीलिंग दरों को बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। अब ग्रामीण क्षेत्र की फ़रिनियाँ, गलियां तथा रास्तों आदि को पक्का करने एवं मरम्मत के कार्य जल्द पूर्ण होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रवक्ता ने बताया कि पिछले दिनों सरपंचों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था और इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक की सीलिंग दरों को बढ़ाने की मांग की थी। सीएम ने अधिकारियों को कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 60 एमएम (एम-35) के इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक की सीलिंग दर 9.35 रूपये प्रति ब्लॉक (बिना जीएसटी) से बढ़ाकर 10.85 रुपये तथा 80 एमएम (एम-40) के ₹इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक की सीलिंग दर 11 रुपये प्रति ब्लॉक (बिना जीएसटी) से बढ़ाकर 12.57 रुपये प्रति ब्लॉक करने की मंजूरी दी है।

## बीबीएमबी के पानी को लेकर अभय चौटाला का अल्टीमेटम

# 25 तक पानी नहीं तो पंजाब के सरकारी वाहन रोक देंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित अपने ऑफिस में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि पंजाब के वाहन हरियाणा में आते जाते हैं। जब वो हमारा पानी रोक सकते हैं हम भी उनके वाहन रोक सकते हैं। हम राज्यपाल से मिलेंगे और उनके सामने यह मांग उठाएंगे कि वे सरकार पर दबाव बनाएं और हरियाणा तो पानी दिलाएं। अगर 25 मई तक पानी नहीं मिला तो हम हरियाणा- पंजाब के जो बॉर्डर हैं वहां से हम पंजाब के किसी भी सरकारी वाहन को गुजरने नहीं देंगे। यह एक दिन के लिए होगा। अगर फिर भी पानी नहीं मिलता तो इसे आगे बढ़ाएंगे। हम संघर्ष करेंगे और इसे एसवाईएल से भी जोड़ेंगे।

### जजपा ने ओपी चौटाला का पोस्टर लगाया तो खैर नहीं

जजपा को लेकर अभय सिंह चौटाला आक्रामक नजर आए और कहा कि अगर उन्होंने पोस्टर पर ओम प्रकाश चौटाला का फोटो लगाया तो उनकी खैर नहीं है। वे इसे लेकर चुप बैठने वाले नहीं हैं। चौटाला साहब कह कर गए थे कि ये पार्टी के गद्दार हैं। गद्दार कैसे चौटाला साहब का फोटो लगा सकते हैं।

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15:00** बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|
| 30-विद्युत/-02/2025-26 (ओपन टेंडर) | कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर जलापूर्ति में सुधार के लिए स्टेशनों पर पुरानी/खराब हो चुकी मौजूदा स्टील टंकियों के स्थान पर 09 आरसीसी ओएच टैंक, बोर और पंप के साथ प्लंबिंग पाइप और पंप हाउस के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य (सहारनपुर-2, रूपनगर, राजपुरा, कालका, नाभा, रायमेहतपुर, सरहिंद में 225 किलोलीटर की 08 टंकियां और बठिंडा में 450 किलोलीटर की 01 टंकी). अंबाला-लुधियाना खंड पर विभिन्न कॉलोनियों में कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जल भंडारण टैंक और अतिरिक्त बोरवेल का प्रावधान (शंभू साधुगढ़, मंडी गोबिंदगढ़, दोराहा में 25 किलोलीटर क्षमता की टंकी और खन्ना में 50 किलोलीटर और सराय बंजारा, खन्ना और कौली में बोरवेल) और अंबाला डिवीजन में पुराने पंप हाउस के स्थान पर अंबाला शहर स्टेशन पर पंप हाउस के साथ नए ट्यूबवेल का प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य |

| लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 8581942.29 | 171600.00 | 04 माह | 05.06.2025 |

**1.** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार **PAN/TIN/GST** सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/ या शुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15:00** बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3.** कार्य निविदाओं की **ई-निविदा** में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4.** विवरण के लिए, कृपया **आईआरईपीएस** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें **5.** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

**संख्या एनआईटी-02/2025-26** **दिनांक 14.05.2025** 1442/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

### शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेश सूचना
(विज्ञा. सं. पीआर-03 ऑफ 2025)

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों/ संस्थानों/ केन्द्रों, म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक और एमडीयू-सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम में संचालित किए जा रहे भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए एनईपी-2020 के अनुरूप 4-वर्षीय अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स, 5-वर्षीय एकीकृत, 5-वर्षीय एलएल.बी. प्रोग्राम और 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 19.05.2025
आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि : 02.06.2025
आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि (शैक्षणिक मैरिट के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों हेतु) : 13.06.2025

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2025-26 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद-1235/11/155/2026/34854/सी/88/6 दि. 16.05.25 रजिस्ट्रार

## हरियाणा कांग्रेस में बड़े बदलाव की संभावना

# चुनाव को सात माह बीते, अब विधायक दल का नेता नियुक्त करने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस को जल्द ही नेता विपक्ष और पीसीसी अध्यक्ष मिल सकता है। इस संबंध में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पार्टी के अंदर खींचतान व गुटबाजी खत्म करने के क्रम में पार्टी हाईकमान जल्द ही अहम फैसले लेने की तैयारी में हैं। भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व नेता विपक्ष रह चुके भूपेंद्र हुड्डा को राज्य में विधायक दल का नेता बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की तैयारी में हैं। विस चुनावों को लगभग सात माह बीत जाने के बाद हरियाणा विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष दिए जाने की तैयारी की जा रही है। हरियाणा में कांग्रेस जहां जाट और दलित राजनीति के समीकरणों को साधना की तैयारी में हैं। वहीं, भूपेंद्र हुड्डा, शैलजा और रणदीप के खेमों में भी आपसी तालमेल बैठाना चाहती है।

### नेता प्रतिपक्ष नहीं होने से सत्तापक्ष के काम लटके

हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष के नही होने के कारण जहां कांग्रेस में चिंता का आलम है, खास बात यह है कि नेता विपक्ष नहीं होने के कारण सूबे की नायब सैनी सरकार के कामकाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। हरिभूमि ने सबसे पहले इस बारे में विधानसभा बजट सत्र के बाद में खबर का प्रकाशन किया था। कई संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां इसलिए लटकी हैं, क्योंकि नेता विपक्ष की मौजूदगी इनकी चनय प्रक्रिया के दौरान होनी जरूरी है। अब नियुक्ति नहीं होने के कारण कारण कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। भाजपा सरकार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को दो सप्ताह पहले पत्र भेजकर 37 कांग्रेस के विधायकों से एक नाम मांगा था, लेकिन कांग्रेस की ओर से जवाब नहीं दिया गया। इस बारे में कांग्रेस को एक बार फिर पत्र भेजने की तैयारी है। राज्य सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी निर्देशों में कांग्रेस को एक रिमाइंडर भेजा जाएगा।

### दूसरे गुट के नेताओं को भी तरजीह, संतुलन साधेंगे

वरिष्ठ नेत्री और सांसद कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला खेमे को भी खेमे से भी किसी को प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी दी जा सकती है। पार्टी हाईकमान और प्रभारी प्रदेश के सभी नेताओं में संतुलन साधने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है कि हाई पावर कमेटी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को रिपोर्ट सौंपी है। प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी इस हद तक हावी है कि हरियाणा में कांग्रेस भाजपा की सरकार बनने के सात माह बाद भी न तो अब तक अपना प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर सकी है। ना ही विधायक दल का नेता चुन सकी है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने राज्य में विधायक दल के नेता को चुनने के लिए हाई पावर कमेटी गठित की है। जिसने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को राज्य विधायक दल के नेता को लेकर रिपोर्ट सौंप दी है।

## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल झज्जर में 132 केवी और 33 केवी जंग लगे हुए टावर संरचना, बीम और संरचनाओं को सहारा देने वाले उपकरण की पेंटिंग। | 15.05.2025 27.05.2025 | 2.65 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन धारसूल (हिसार) में चारदिवारी का निर्माण। | 16.05.2025 27.05.2025 | 1.30 करोड़ | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन सफीदों (हिसार) में 3 अदद 220 केवी एसएफ-6 सर्किट ब्रेकर फाउंडेशंस का निर्माण। | 16.05.2025 27.05.2025 | 2.89 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, साहा (अम्बाला) में चेन लिंक फेंसिंग की मरम्मत और रखरखाव। | 15.05.2025 22.05.2025 | 15524/- फर्मों हेतु और 7762/- सह. समितियों हेतु | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | टर्नकी आधार पर 66 केवी उटावर और मुस्तफाबाद सब स्टेशनों की रचना। | 14.05.2025 07.06.2025 | ईएमडी 45.62 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन, एचवीपीएनएल, रोहतक में रोड कार्पेटिंग का प्रावधान व बिछाना। | 12.05.2025 26.05.2025 | 3.03 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 7 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल रोहतक में 220 केवी और 132 केवी टावर संरचनाओं, बीम और संरचनाओं को सहारा देने वाले उपकरणों की पेंटिंग। | 13.05.2025 22.05.2025 | 4.21 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/140/34839/I/88/6 दि. 16.05.25

## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार एयरपोर्ट पर पैरीमीटर रोड लाइटिंग का प्रावधान (विद्युत कार्य) (हिसार एयरपोर्ट पर मेन गेट पर बूम बैरियर और एसीसीआर रूम, एटीसी टावर से फायर स्टेशन के बीच आईपी स्पीकर, दो कम्यूनिकेशन पैरेरल मॉनिटरिंग सिस्टम का प्रावधान)। | 15.05.2025 22.05.2025 | 15.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में लघु सचिवालय में सीसीटीवी कैमरा सिस्टम का प्रावधान + 1 कार्य। | 15.05.2025 26.05.2025 | 162.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बाढड़ा, ब्लॉक बाढड़ा में माइनर से नाथूराम के मकान तक गली की पेवमेंट (स्कीम :- वीएएनजीवाई) + 9 कार्य। | 13.05.2025 20.05.2025 | 200 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में निडल सहित सीरिंज 10 एमएल (कैटेगरी-गुड्स) के प्रावधान हेतु ई-निविदा के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में (कैटेगरी-गुड्स)। | 16.05.2025 03.06.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996752925 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका स्थापित करने के लिए फर्नीचर की अधिप्राप्ति, 1. बेबी चेयर (एसआर.) टेड्डी चेयर, 2. फिश टेबल। | 17.05.2025 02.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 1. लैब रेफ्रीजरेटर, 2. एयर कंडीशनर। | 16.05.2025 30.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड डेल्टामेथरिन 2.5% डब्ल्यू.पी. की खरीद। | 16.05.2025 30.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/34853/I/88/6 दि. 16.05.25


Reliance
Growth is Life
Jio Mart
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick फ्री होम डिलीवरी
लो प्राइस गारंटी
0
ज़ीरो एक्सट्रा चार्जेज़
Quick
Scheduled
Biscuits, Drink & Packaged Foods
Ice Cream & Frozen
Chips & Namkeens
Biscuits & Cookies
Chocolate s &...
Indian Sweets
Drinks & Juices
Breakfast Cereals
Noodles, Pasta &...
Ready To Cook &...
Spread, sauces ...
Pickles, Chutney...
Tea & Coffee
ऐप डाउनलोड कीजिए
JioMart
ऐप अभी डाउनलोड करें
प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 30
जियोमार्ट कीमत ₹ 20
आम सफ़ेदा 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 100
जियोमार्ट कीमत ₹ 79
आम केसर 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 180
जियोमार्ट कीमत ₹ 149
क्वालिटी वॉल्स पार्टी टब्स 500 ml या उससे अधिक (चुनिंदा श्रेणी)
एमआरपी ₹ 125 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक
बिस्किट्स 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 145 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 97 या उससे अधिक
रेड लेबल / ताज महल / टाटा टी प्रीमियम लीफ 1 kg (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 560 या उससे अधिक
बचाइए ₹ 180
जियोमार्ट कीमत ₹ 380 या उससे अधिक
कैडबरी / नेस्ले चॉकलेट होम पैक 123.2 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 100 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 67 या उससे अधिक
कोहिनूर चारमिनार रोज़ाना बासमती चावल 5 kg
एमआरपी ₹ 560
जियोमार्ट कीमत ₹ 299
₹59.80 / kg
बचाइए ₹ 261
आशीर्वाद शुद्ध गेहूं का आटा 10 kg
एमआरपी ₹ 495
जियोमार्ट कीमत ₹ 442
बचाइए ₹ 53
महाकोश रिफाइंड सोयाबीन तेल 840 g / फॉर्च्यून प्रीमियम कच्ची घानी सरसों का तेल 1 L
एमआरपी ₹ 164 / ₹ 195
जियोमार्ट कीमत ₹ 127/ ₹ 160
बचाइए ₹ 37 / ₹ 35
मिल्कफूड रिच देसी घी 900 ml
एमआरपी ₹ 580
जियोमार्ट कीमत ₹ 539
बचाइए ₹ 41
सिंथॉल / डव / लिरिल / गोदरेज नं.1 / लक्स / पियर्स साबुन 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 175 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
ब्यूटी रेंज 0.35 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 100 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 50 या उससे अधिक
टाइड 6 kg + 2 kg / सर्फ एक्सेल डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg / एरियल / सर्फ एक्सेल मैटिक लिक्विड 4 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 795 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 477 या उससे अधिक
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 18 मई 2025 तक चुनिंदा पिन कोड पर मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

# दोहा डायमंड लीग में नीरज ने 90.23 मीटर भाला फेंका, यह उनका ऑलटाइम बेस्ट थ्रो




भाषा ⏭ दोहा

भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन डायमंड लीग के दोहा चरण में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91 . 06 मीटर का थ्रो फेंका। दो ओलंपिक पदक जीत चुके 27 वर्ष के चोपड़ा ने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर का थ्रो फेंका। उनके मौजूदा कोच चेक गणराज्य के जान जेलेंजी 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंकने वाले भालाफेंक खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं। तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं।




## पारूल ने 3000 मीटर स्टीपलचेस में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

■ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर छठा स्थान हासिल किया

**दोहा।** भारत की पारूल चौधरी ने दोहा डायमंड लीग में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर छठा स्थान हासिल किया। पारूल ने नौ मिनट 13.39 सेकंड का समय लेकर अपना ही नौ मिनट 15.31 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट विश्व चैम्पियनशिप में बनाया था। वह बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 14 एथलीटों में छठे स्थान पर रही। इसके साथ ही उन्होंने साल के आखिर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया। कीनिया की फेथ चेरोटिच नौ मिनट 05.08 सेकंड का समय लेकर शीर्ष पर रही जबकि कतर की विनफ्रेड यावी नौ मिनट 05.26 सेकंड का समय लेकर तीसरे और इथियोपिया की सेंबो अल्मायू नौ मिनट 09.27 सेकंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं पहली बार डायमंड लीग में उतरे गुलवीर सिंह पुरूषों की 5000 मीटर दौड़ में नौवें स्थान पर रहे।

### खबर संक्षेप



## प्रज्ञानानंदा ने जीता सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट

**बुकारेस्ट(भाषा)।** भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने एक्स पर लिखा ,''अविश्वसनीय अनुभव। अभी अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसलाअफजाई करने के लिये धन्यवाद।'' प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब ग्रैंड शतरंज टूर का अगला टूर्नामेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा।

### मैच में सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर होंगी

# आज से फिर शुरू होगा आईपीएल का रोमांच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा। मैच में सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी।




### विराट के सम्मान में सफेद जर्सी पहनेंगे प्रशंसक

मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगाएंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर अगर गौर करें तो प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं। शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे।

### लौटे विदशी खिलाड़ी

कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को उंगली में चोट लगी थी लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं।

### केकेआर के बल्लेबाज फेल


केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखायी हैं। टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गये हैं। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की केकेआर की गेंदबाजी लाइन-अप ने कई मौकों पर महंगे साबित होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी है।

### पडिक्कल-हेजलवुड चोटिल

देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है।

### भावुक हुए रोहित

## अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा



एजेंसी ⏭ मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया। सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा, 'जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं।' पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा, 'मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा।'

### रोहित ने परिजनों को कहा धन्यवाद




रोहित ने कहा, 'मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है। उन्होंने मेरे लिए जो भी कुर्बानियां दी है, मैं कृतज्ञ और आभारी हूं। मेरी खास टीम मुंबई इंडियंस भी यहां है जो मेरा भाषण खत्म होने के बाद अभ्यास शुरू करने की तैयारी में है। पवार साहेब और देवेंद्र फड़नवीस (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री) को भी धन्यवाद जिन्होंने इस दिन को खास बनाया।' फड़नवीस ने कहा, 'हमारे दिग्गज बल्लेबाज, कप्तान और मेरे पसंदीदा में से एक और अपनी बल्लेबाजी से मन मोहने वाले यहां हैं। अगर एमसीए नया स्टेडियम बनाने के लिये प्रस्ताव भेजता है तो हम जमीन आवंटित करेंगे ताकि और प्रशंसकों के लिये जगह बन सके।'

## अनवर कल खिताब के लिए पेश करेंगे चुनौती

**बेंगलुरु।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज फैजान अनवर रविवार को यहां 'सनबर्न यूनियन' में 'सुपर फाइटर सीरीज' में 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' के सुपर लाइटवेट वर्ग के खिताब के लिए घाना के कपकपो अलोटे से भिड़ेंगे। इस फाइट नाइट में 10 मुकाबले निर्धारित है। इसमें चार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और दो 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' खिताबी मुकाबले शामिल हैं। मुख्य स्पर्धाओं में महिला वर्ग में भारत की रानी देवी का मुकाबला बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा जबकि पुरुष वर्ग में यूक्रेन के डेनियलो होन्चारुक का सामना दागिस्तान के रुसलान कामिलोव से होगा इस प्रतियोगिता में रितेश सिंह बिष्ट, कविंदर सिंह बिष्ट, वनलालावम्पुइया, एफ जोरमछाना जैसे प्रमुख नामों के साथ बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रहे रोहित चौधरी, हर्षा सरोहा और कमला रोका, जैसे उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल होंगे।



## बार्सिलोना 28वीं बार बना ला लिगा चैंपियन

- **2-0** से एस्पेनयॉल को हराया
- **2** मैच शेष रहते हुआ फैसला
- **53**वें में यमाल ने दागा गोल
- **95**वें मिनट में लॉपेज का हिट
- **36** मैचों में बार्सिलोना की **27**वीं जीत
- **85** अंक के साथ खिताब पक्का




एजेंसी ⏭ बार्सीलोना

किशोर खिलाड़ी लैमिन यमाल के शानदार गोल की मदद से बार्सिलोना ने गुरुवार रात को एस्पेनयॉल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते हुए 28वीं बार ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) खिताब को अपने नाम किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद 17 साल के यमाल ने 53वें में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई और फेरमिन लॉपेज ने स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) में गोल कर टीम की 2-0 से जीत पक्की कर दी। एफसी बार्सिलोना की यह 36 मैचों में 27वीं जीत है और टीम ने 85 अंक के साथ खिताब पक्का कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिल रियल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 78 अंक है और अब उसके लिए बार्सीलोना की बराबरी करना संभव नहीं है। बाईस साल के पेड्री का यह बार्सीलोना के लिए 200वां मैच था।

## मुस्तफिजुर को बीसीबी से मिली एनओसी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को यूएई के खिलाफ शनिवार को शारजाह में पहला टी20 मैच खेलने के बाद 18 से 24 मई तक आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने की अनुमति दे दी है। रहमान को आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क की जगह टीम में शामिल किया गया है। दिल्ली का सामना रविवार को गुजरात टाइटंस से होगा। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बीसीबी क्रिकेट के फैसले के अनुसार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल के बाकी मैचों में 18 से 24 मई तक खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दी है।'

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि / समय | अनुमानित लागत (₹) | धरोहर राशि (₹) | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओटी-02/ 2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन वित (i) मोडीफिकेशन इन एक्सिसटींग इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम ऑफ कयोसन मैक इन कनेक्शन विद क्लोजर ऑफ लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर–151 सी एट मंडी गोविंदगढ़ स्टेशन ऑफ अंबाला डिविजन इन अंबाला–लुधियाना सेक्शन (ii) शिफ्टिंग ऑफ साइड बूम ऑफ लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 164ए बियोंड डी०एफ०सी०सी० ट्रैक एट दोराहा स्टेशन ऑफ अंबाला डिविजन इन अंबाला–लुधियाना सेक्शन। | 13.06.2025 को 15:00 बजे | ₹39,10,228/- | ₹78,200/- | 180 दिन |
| 2. | ओटी-03/ 2025-26 | दा वर्क फॉर कॉम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस स्टेटकॉन मैक ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री एयर्स। | 13.06.2025 को 15:00 बजे | ₹1,06,88,848.56 | ₹2,03,500/- | 36 महीने |
| 3. | ओटी-04/ 2025-26 | दा वर्क फॉर कॉम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस अनसालडो मैक इन्टरलॉकिंग सिस्टम इंस्टॉल एट जमालपुर सेखा, उकलाना, धांसू, बरवाला एण्ड रायपुर हरियाणा स्टेशन ऑफ अंबाला डिविजन फॉर पीरियड ऑफ थ्री एसर्स | 13.06.2025 को 15:00 बजे | ₹97,82,098.20 | ₹1,95,700/- | 36 महीने |
| 4. | ओटी-05/ 2025-26 | दा वर्क फॉर कॉम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस कयोसन मैक इन्टरलॉकिंग सिस्टम एट इंस्टॉल दोराहा एण्ड गोविन्दगढ़ स्टेशन ऑफ अंबाला डिविजन फॉर पीरियड ऑफ थ्री एसर्स | 13.06.2025 को 15:00 बजे | ₹62,96,864.40 | ₹1,25,900/- | 36 महीने |

नोटः 1. वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी० / उ०रे० डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेंडर डाकूमेंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेंडर नोटिस और टेंडर डाकूमेंट्स में दी गई हिदायतों / शर्तों इत्यादि को टेंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

**संख्याः एस.डब्ल्यू. / सिग / अंबाला / एन०आई०टी०–02 / 2025–26 दिनांकः 16.05.2025** **1453/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### गावस्कर ने आईपीएल को कहा भविष्य के कप्तानों का ट्रेनिंग मैदान

# टेस्ट कप्तानी के लिए गिल सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग भविष्य के भारतीय कप्तानों की ट्रेनिंग के लिए बिलकुल सही मैदान है जो शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर पहुंचने से पहले जरूरी अनुभव प्रदान कर रहा है।

रोहित शर्मा के संन्यास के बाद गुजरात टाइटन्स के कप्तान गिल इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर भारत की कप्तानी कर सकते हैं और ऋषभ पंत उप कप्तान हो सकते हैं। रोहित के इस फैसले के कुछ ही दिन बाद विराट कोहली के संन्यास ने टेस्ट टीम में खालीपन पैदा कर दिया है।




गावस्कर ने कहा कि गिल के अलावा अन्य संभावित कप्तान जैसे पंत तथा श्रेयस अय्यर को तैयार होने में कम से कम दो साल लगेंगे। 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' में एक सवाल के जवाब में गावस्कर ने कहा, 'हमारे सुपर कप्तान (एमएस धोनी, रोहित, विराट) के स्तर तक पहुंचने के लिए भविष्य के कप्तानों को तैयार करने में दो साल लगेंगे। इन सभी ने कप्तानी के लिए अलग दृष्टिकोण अपनाया है।' पंत इस समय लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं जबकि अय्यर इस आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं। गावस्कर ने कहा, 'जब आप गिल, अय्यर और पंत को देखते हैं जो भारतीय कप्तानी के तीन मुख्य दावेदार हैं तो आप तीनों (धोनी, रोहित, विराट) का एक मिश्रण देखते हैं। गिल शायद अधिक प्रतिस्पर्धी हैं क्योंकि जब भी कोई फैसला होता है तो वह तुरंत अंपायर से पूछते हैं। वह शायद इनमें ज्यादा ही शामिल होते हैं। हालांकि पंत स्टंप के पीछे होते हैं और वह भी इन सभी मैदानी फैसलों में अच्छी तरह शामिल होते हैं। अय्यर भी शानदार रहे हैं। इन तीनों ने सकारात्मक तरीके से कप्तानी की है।'

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | 1. एनआईटी संदर्भ संख्या. 2023_HBC_308422_1 (बोली दस्तावेज सं. 32/सीई/ पीएलजी/डीसीआरटीपीपी/एफजीडी-251) 2. शुद्धिपत्र-1 दिनांक 15.09.2023. 3. शुद्धिपत्र-2 दिनांक 11.10.2023. 4. शुद्धिपत्र-3 दिनांक 06.11.2023 5. शुद्धिपत्र-4 दिनांक 20.11.2023 6. शुद्धिपत्र-5 दिनांक 19.12.2023 7. शुद्धिपत्र-6 दिनांक 18.01.2024, 8. शुद्धिपत्र-7 दिनांक 12.02.2024 9. शुद्धिपत्र-8 दिनांक 12.03.2024, 10. शुद्धिपत्र-9 दिनांक 09.04.2024, 11. शुद्धिपत्र-10 दिनांक 14.05.2024, 12. शुद्धिपत्र-11 दिनांक 02.07.2024, 13. शुद्धिपत्र-12 दिनांक 13.08.2024, 14. शुद्धिपत्र-13 दिनांक 25.09.2024, 15. शुद्धिपत्र-14 दिनांक 23.10.2024, 16. शुद्धिपत्र-15 दिनांक 07.11.2024, 17. शुद्धिपत्र-16 दिनांक 28.11.2024, 18. शुद्धिपत्र-17 दिनांक 02.01.2025, 19. शुद्धिपत्र-18 दिनांक 04.02.2025, 20. शुद्धिपत्र-19 दिनांक 25.02.2025, 21. शुद्धिपत्र-20 दिनांक 27.03.2025 | बोली जमा की निर्धारित तिथि 30.06.2025 तक 13:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और भाग-1 का खुलना (टेक्नो-कमर्शियल बिड) 02.07.2025 को 15:00 बजे। | www.hpgcl.org.in | 9354782005 xenplgp2.pkl@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/34851/I/88/6 दि. 16.05.25

## चिंतन

# वरदान साबित होगी सड़क हादसे में कैशलैस योजना

भारत में लंबे समय से सड़क हादसे विडंबना की तरह रहे हैं। देश में हर तीन मिनट में सड़क हादसा एक जिंदगी लील लेता है। पहले तो हालात ये थे कि हादसे के बाद सड़क पर ही सफर कर रहे लोग घायल को अस्पताल तक ले जाने से डरते थे। ये भय रहता था कि कागजी कार्रवाई कौन करेगा। इन हालातों को बदलने के लिए सरकार ने भी अनेक तरह के अभियान चलाए। धीरे-धीरे जागरुकता आई और घायल तुरंत अस्पताल तो पहुंचने लगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह खड़ा हो गया कि शुरुआती इलाज का खर्च कौन दे। इसी के चलते हजारों लोग अस्पताल पहुंचने के बाद भी जान गंवा देते हैं। कभी अस्पताल एडवांस की डिमांड करते हैं तो कभी बीमा पॉलिसी शर्त आड़े आ जाती है। हालांकि अब ऐसा नहीं होगा। सरकार ने सड़क हादसे में घायल के 1.5 लाख तक के इलाज का जिम्मा अपने सिर ले लिया है और वह भी बिना किसी कागजी झंझट, एडवांस या इंश्योरेंस डॉक्यूमेंट के। सरकार ने बाकायदा इसके लिए 5 मई 2025 से 'कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम 2025' की शुरुआत की है, जो सड़क हादसों के शिकार लोगों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनेगी। सरकार देशभर के अनेक सरकारी और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ेगी, जिनमें हादसे के तुरंत बाद इलाज शुरू हो सकेगा और अनमोल जिंदगियां बचेंगी। इस योजना में सिर्फ शुरुआती इमरजेंसी इलाज ही नहीं, बल्कि चोट की गंभीरता के हिसाब से पूरा इलाज, ऑपरेशन, दवाइयां, जांच-पड़ताल और जरूरी मेडिकल सपोर्ट भी कवर किया जाएगा। 13 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए थे कि यह स्कीम सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर भी पूरी तरह लागू होनी चाहिए। सड़क हादसों के शिकार लोगों को इलाज देना कानूनन जरूरी है। इसलिए सरकार सुनिश्चित करे कि हर जरूरतमंद को समय रहते इलाज मिले। साथ ही कोर्ट ने केंद्र से अगस्त 2025 तक यह रिपोर्ट भी मांगी है कि इस योजना से अब तक कितने लोगों को फायदा मिला है। इसके बाद सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना का ऐलान किया। वैसे तो सरकार इसे लेकर पहले से ही सजग थी। योजना देश के सात जिलों में 14 मार्च 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू हुई थी। सरकार अपने स्तर पर देख रही थी कि योजना कितनी कारगर रहती है। अब इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है। इस योजना का लाभ सड़क हादसे में हर घायल व्यक्ति को मिलेगा। चाहे वह गाड़ी चला रहा हो, उसमें बैठा हो या सड़क पर पैदल जा रहा हो। बस हादसा सड़क पर हुआ हो और घायल को सरकार द्वारा तय किए गए अस्पताल में ले जाया जाए। इसके बाद इलाज करना अस्पताल का काम होगा। जब घायल को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलेगी तो अस्पताल इलाज का बिल सरकारी पोर्टल पर डालेगा। फिर राज्य की हेल्थ एजेंसी उस बिल को चेक करेगी और सही पाए जाने पर अस्पताल को भुगतान कर दिया जाएगा। लगभग वैसे ही जैसे आयुष्मान योजना के तहत भुगतान किया जाता है। वैसे भी हादसे में घायल के इलाज में दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी पुलिस भी दर्ज करती है। पुलिस द्वारा दुर्घटना की सूचना, स्थान, समय, वाहन की जानकारी और घायल व्यक्ति की डिटेल को इसमें रिकॉर्ड किया जाता है। इससे दुर्घटना की रिपोर्टिंग तेज होती है और इलाज प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सकती है। अब बस जरूरत इस पर केंद्रित करने की है कि किसी भी तरह से सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।



## विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

# ट्रंप कर रहे दक्षिणपंथी सिद्धांतों को खंडित

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है। ट्रंप के निर्णयों, नीतियों से स्पष्ट होता है कि वे राजनीतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं, व्यापारी की मंशा से ही सत्ता चला रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है।

वे अपने ठीक पूर्ववर्ती डेमोक्रेट्स के जो. बाइडेन की भांति ही अमेरिकी राजनीतिक का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जनवरी में पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने चीन, भारत सहित विश्व के सभी देशों पर शुल्क वृद्धि का प्रहार किया। आरंभ में लगा था कि समयांतराल में उनकी शुल्क वृद्धि नीति सभी देशों के साथ पारस्परिक व्यापारिक समझ बढ़ते रहने से स्वतः संतुलित हो जाएगी, लेकिन सत्तारूढ़ होने के चार माह तक वे देशों के साथ शुल्क वृद्धि, कमी और समायोजन के कार्यक्रमों में ही व्यस्त रहे। अंततः उन्हें शुल्क वृद्धि के परिणामस्वरूप वैश्विक व्यवसाय परिदृश्य में परिलक्षित अमेरिकी हितों की हानि होने के बाद विचार परीक्षण करने का अवसर मिला। इसके बाद उन्होंने पहले तो कुछ अवधि के लिए शुल्क वृद्धि न करने का निर्णय लिया और फिर प्रमुख देशों के साथ व्यापार के पुराने शुल्क-मानकों को ही स्वीकार कर लिया। आभास होता है कि वे अमेरिका की ओर से दुनिया पर प्रकार-प्रकार की प्रायोगिक नीतियां लागू कर उनसे हो सकने वाले लाभों व हानियों का अनुमान लगा रहे हैं। भारत के संदर्भ में ट्रंप का व्यक्तिगत एवं राजनीतिक दृष्टिकोण अप्रत्याशित ढंग से परिवर्तित हुआ है। स्मरण करें उनके पिछले कार्यकाल को जब मोदी का हाउडी मोदी कार्यक्रम में ट्रंप ने अमेरिका की ओर से अभूतपूर्व स्वागत किया और फिर ट्रंप के भारत आगमन पर भारत में उनका भी ठीक वैसा ही स्वागत हुआ। भारत व अमेरिका में हुए इन दो कार्यक्रमों के आधार पर दुनिया प्रामाणिक रूप में स्वीकार कर चुकी थी कि अब आगे वैश्विक विचारधारा का निर्धारण कांग्रेस-वामपंथ के विषैले आचरण के आधार पर नहीं, अपितु स्वराष्ट्रीयता-दक्षिणपंथ के आदर्श विचारप्रवाह में होगा। भारत एवं अमेरिका में दक्षिणपंथ के शासन का उदय विश्व के लिए समुचित माना जा रहा था। इससे प्रेरणा लेकर विश्व के कई देशों के लोग आंदोलित हुए और उन्होंने अपने-अपने देशों में दक्षिणपंथ के प्रतिनिधियों के पक्ष में ही चुनावों में बढ़चढ़ कर मतदान किया। भारत तो भाजपा के नेतृत्व में दक्षिणपंथ की मूल मान्यताओं को कठोरतापूर्वक न सही किंतु शनैः-शनैः शासकीय प्रवाह में स्थापित कर ही रहा है, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप अपने राजनीतिक सिद्धांत से डिगते हुए ही लग रहे हैं।

भारत स्थित जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किये गये अपनी तरह के वीभत्सम नरसंहार के बाद भारत-पाकिस्तान के मध्य की शत्रुता में व्यापक विस्तार हुआ। साढ़े तीन-चार दशक पुरानी पाक प्रायोजित आतंकवाद की समस्या पर भारत ने शत्रु देश के विरुद्ध जो व जितनी



भी कार्रवाइयां आरंभ कीं, वह अभूतपूर्व थीं तथा उस पर जितने व जैसे प्रतिबंध लगाये, वो प्रतिशोध के किंचित नवीन मानक थे। शत्रु को दंडित करने के उद्देश्य से ऐसे-ऐसे निर्णय लिये गये जो स्वतंत्र भारत में पहले कभी नहीं लिए गए। वायुमार्ग से पाकिस्तान की सीमा के अंदर उसके क्षेत्र में प्रवेश कर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस प्रतिघात के होने तक ट्रंप भारत के साथ खड़े दिखाई दिये थे, किंतु पाकिस्तान की ओर से हमारे सैन्य केंद्रों को लक्षित कर छोड़ी गईं मिसाइलों, ड्रोनों, मानवरहित युद्धक विमानों को भारत द्वारा अपने युद्धक अस्त्र-शस्त्रों द्वारा मार गिराए जाने और राजधानी इस्लामाबाद समेत पाक के प्रमुख नगरों पर भारत के भीषण प्रत्याक्रमण के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पाक की याचना पर मध्यस्थ की भूमिका में अवतरित हो गए।

ट्रंप 2016 से लेकर 2024 तक रेडिकल इस्लामिक टेररिज्म के संदर्भ जैसा गंभीर व उत्तरदायित्वपूर्ण वक्तव्य दिया करते थे, तो प्रतीत होता था कि वे साढ़े तीन दशक से भी अधिक समय तक आंतक से पीड़ित रहे भारत की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं, लेकिन उन्होंने 9-10 मई 2025 की रात को भारत के सैन्य प्रत्याक्रमण की अधिकता से परास्त पाक की युद्ध विराम की याचना को न केवल स्वीकार कर लिया बल्कि भारत पर येन-केन-प्रकारेण दबाव बनाने का प्रयास भी किया कि वो पाक पर प्रहार करना बंद करे। आतंकवाद के संदर्भ में ट्रंप की द्विअर्थी मानसिकता व धृष्टता यहीं तक सीमित नहीं थी। युद्ध विराम होने के बाद उन्होंने ट्वीट किया कि दोनों देशों के संघर्ष को उन्होंने ही हस्तक्षेप कर रुकवाया है। दक्षिणपंथ, भारत, मोदी से उनका विश्वासघात इतने तक ही सीमित नहीं रहा। उनके शासन ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के समक्ष बहुत समय पहले से प्रस्तावित पाकिस्तान के ऋण-प्राप्ति के प्रस्ताव को स्वीकार करवाने में प्रमुख भूमिका निभाई। यह तब हुआ जब अमेरिका समेत सभी यूरोपीय व नाटो के सदस्य देश भारत की प्रामाणिक जानकारियों व सूचनाओं के आधार पर भलीभांति जानते हैं कि पाक ने ऋण का दुरुपयोग ही अधिक किया है।

ट्रंप का आतंक विरोधी सिद्धांत तब भी बुरी तरह टूटता-फूटता हुआ प्रतीत होता है, जब वे एक दिशा से स्वयं के वैश्विक शांतिदूत होने की बात करते हैं, तो दूसरी दिशा में वे सऊदी अरब के साथ 142 अरब डॉलर के हथियार अनुबंध को हस्ताक्षरित करते हैं। यह अत्यंत विचारणीय है कि एक छोटे से अरब देश को अमेरिका से इतनी अधिक संख्या में हथियार खरीदने की आवश्यकता क्यों हो रही है। किन्हीं दो देशों के मध्य अस्त्र-शस्त्रों के लेन-देन का यह आज तक का सबसे बड़ा अनुबंध है। पाकिस्तान को सैन्य प्रत्याक्रमण के हर कोण पर परास्त कर त्राहि-त्राहि करने को विवश करने के बाद पाकिस्तान, अमेरिका, चीन समेत दुनियाभर में यह मिथ्या प्रचार करना कि पाकिस्तान के सैन्य केंद्रों को कोई हानि नहीं हुई और इसके विपरीत पाक के आक्रमण द्वारा भारत के सैन्य केंद्र व शस्त्र क्षतिग्रस्त हुए हैं, यही सिद्ध करता है कि अमेरिका ने जानबूझकर ऐसा प्रचार किया व करवाया है, ताकि अमेरिका व चीन द्वारा पाकिस्तान को उपलब्ध कराए गए मारक एवं रक्षक शस्त्रों की अनुपयोगिता का प्रचार-प्रसार दुनिया में न हो सके। खाड़ी देशों की तीन दिवसीय यात्रा के चरण में कतर के दोहा में ट्रंप ने एप्पल कंपनी के स्वामी से कहा है कि वे अपना विनिर्माण कारखाना भारत के स्थान पर अमेरिका में स्थापित करें। भारतीय हितों पर कुठाराघात करने वाले ट्रंप के इन निर्णयों, नीतियों तथा वक्तव्यों से स्पष्ट हो जाता है कि डेमोक्रेट्स हों चाहे रिपब्लिकन, अमेरिका हो या अन्य कोई यूरोपीय लोकतांत्रिक देश वहां राजनीतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं बल्कि व्यापारियों की मंशा से ही सत्ता चलाई जाती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## हज सुविधा ऐप 2.0

सी.पी.एस. बक्शी



# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-हेल्थ कार्ड और ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। एआई द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

(लेखक अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का अर्थ




संकलित

दर्शन

एक व्यक्ति था जो जीवन का कोई अर्थ नहीं समझ पा रहा था। वह हर दिन एक ही काम करता था और उसे ऐसा महसूस होता था कि वह केवल जीवित है, वास्तव में नहीं जी रहा है। एक दिन, वह एक पेड़ के नीचे बैठा था और सोच रहा था कि क्या करेगा। तभी, एक बूढ़ा आदमी उसके पास आया और उससे पूछा कि वह क्यों दुखी है। व्यक्ति ने अपनी निराशा बताई, और बूढ़े आदमी ने उसे एक कहानी सुनाई। कहानी में, एक लड़का था जो अपने पिता से जानना चाहता था कि जीवन का अर्थ क्या है। उसके पिता ने उसे एक जंगल में ले जाकर कहा कि वह वहां कुछ समय के लिए रहे। लड़का जंगल में गया और उसने विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और जीवों को देखा। उसने पाया कि हर चीज का एक अलग उद्देश्य था, और वह सब एक-दूसरे पर निर्भर थे। आखिर में, लड़के को समझ में आया कि जीवन का अर्थ है कि दूसरों के साथ मिलकर काम करें और एक-दूसरे की मदद करें। व्यक्ति को बूढ़े आदमी की कहानी से प्रेरणा मिली और उसने जीवन का अर्थ खोजने के लिए प्रयास करना शुरू कर दिया। अब लड़के ने दूसरों की मददद करना शुरू कर दिया था। इससे वह हमेशा खुश रहता था और उसे जीवन में सब कुछ प्राप्त होता था। यदि कोई अच्छा कर्म करता है तो उसे अच्छा फल मिलता है और यदि कोई बुरा कर्म करता है तो उसे बुरा फल मिलता है।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित

प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं।

- गणेश मिश्रा, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# डेटिंग ऐप्स से होता जा रहा लोगों का मोहभंग



कुछ समय पहले डेटिंग ऐप्स ने लोगों के रोमांटिक पार्टनर से मिलने के तरीके को बदल दिया था। लेकिन ऐसा लगता है कि अब इनकी लोकप्रियता खत्म होती जा रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल, ब्रिटेन में चार बड़े डेटिंग ऐप ने अपने लाखों उपयोगकर्ता खो दिए। अध्ययन से पता चलता है कि ऐसा इसलिए हुआ है कि लोग इन ऐप से निराश हो चुके हैं और ऊब गए हैं। यह निराशा आमतौर पर ऐप के दूसरे उपयोगकर्ताओं के अनुचित व्यवहार के कारण होती है। ऐसा लगता है कि यह बोरियत इस बढ़ते विश्वास से उत्पन्न होती है कि इन ऐप्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सार्थक जुड़ाव की तुलना में अल्पकालिक जुड़ाव को प्राथमिकता देती है। ये डेटिंग ऐप पहले की ऑनलाइन डेटिंग वेबसाइटों की तुलना में काफी अलग हैं, जो प्रामाणिक संबंध स्थापित करने के तरीके के बारे में अधिक पारदर्शी थीं। उन वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं से कई तरह के सवाल पूछकर और उनके व्यक्तित्व का काफी मूल्यांकन करके पारदर्शिता कायम की जाती थी। उदाहरण के लिए 'ओके क्यूपिड डॉट कॉम' (2003 में स्थापित) पर उपयोगकर्ताओं से कई बहु विकल्प प्रश्न पूछे जाते थे। इसके अलावा उनसे उन्हीं प्रश्नों के उत्तर भी पूछे जाते थे, जो प्रश्न वे भावी पार्टनर से पूछना चाहते थे।

## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे–जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु–स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु–स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

## ट्रेंड

### सिक्किम वासियों को बधाई



सिक्किम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई। भारत में पर्यावरण के प्रति सर्वाधिक जागरूक राज्यों में से एक सिक्किम ने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को प्रदर्शित करते हुए सतत विकास के बेहतरीन उदाहरण पेश किए हैं।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### पर्वतीय राज्यों की चिंता



हिमालय पर्यावरण संकट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वहन करता है। हम भारत में, अपने महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र के साथ, इन प्रभावों को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं। भारत पर्वतीय राज्यों और उनके लोगों की चिंताओं को साझा करता है।

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### मंडियों का मॉडर्नाइजेशन



एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी का दौरा कर व्यापारियों, किसानों और आढ़तियों से उनकी समस्याएं सुनीं। अब मंडियों का मॉडर्नाइजेशन होगा एवं सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### कान्स में आना अच्छा लगा



पिछले साल की उसी समय की याद आ रही है जब मैं आधिकारिक तौर पर शोबिज में वापस आई थी! बहुत दिनों बाद कान्स में तैयार होकर आना बहुत अच्छा लगा और मुझे इसका हर पल बहुत पसंद आया

- प्रीति जिंटा, अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# लोगों में नाम छपवाने की लगी होड़, नए मामले लेने से किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई।

**लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को होगी**



केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई

### सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने की टिप्पणी

**पीठ ने वकील की याचिका खारिज की**

सीजेआई ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि हमारे पास पहले से ही तमाम हस्तक्षेपकर्ता हैं।

**केंद्र ने दायर किया हलफनामा**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1332 पन्नों का हलफनामा दायर कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता के खिलाफ याचिकाओं को खारिज करने की मांग की थी। केंद्र ने अधिनियम के किसी भी प्रावधान पर रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा कि कानून में यह स्थापित है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी।

**15 मई को कोर्ट ने कर दिया था स्पष्ट**

15 मई को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की थी। पीठ ने कहा था कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। इनमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बॉय यूजर या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। 17 अप्रैल को सुनवाई में शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह केवल 5 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

**ममता सरकार को दिया अल्टीमेटम**

## कर्मचारियों को 3 महीने में दें 25 फीसदी डीए

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य सरकार के कर्मचारियों को 25 फीसदी डीए (महंगाई भत्ता) देने का निर्देश दिया है। जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने



अंतरिम आदेश जारी करते हुए बंगाल सरकार को 3महीने के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई अगस्त में तय की। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ राज्य सरकार के कर्मचारियों ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और बकाया सहित केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर डीए देने की मांग की। मई 2022 में हाई कोर्ट ने राज्य को केंद्रीय दर पर डीए का भुगतान करने का निर्देश दिया।हालांकि, पश्चिम बंगाल सरकार ने नवंबर 2022 में अपील दायर करते हुए इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

---

**खबर संक्षेप**

### पीएम 103 रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते राजस्थान के बीकानेर के दौरे पर रहेंगे। पाकिस्तान के



साथ तनाव के पीएम मोदी 22 मई को बीकानेर के नाल हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह बीकानेर से 20 किलोमीटर दूर पलाना में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। यह अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बनाई गई है। देशभर में कई रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे।

### नगालैंड के किसानों को 380 करोड़ रुपये देंगे

**कोहिमा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगालैंड के कृषि क्षेत्र को बड़ा



प्रोत्साहन देते हुए राज्य के किसानों के कल्याण के लिए 380 करोड़ की सहायता राशि की घोषणा की है। यह घोषणा पेरेन जिले के जलुकी स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन कॉलेज में प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक खंड और किसान मेले के उद्घाटन पर की।

### पंजाबी म्यूजिक प्रोड्यूसर के घर पर फायरिंग

**अमृतसर।** फेमस पंजाब म्यूजिक प्रोड्यूसर पुष्पिंदर धालीवाल उर्फ पिंकी धालीवाल को लेकर एक



बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि गुरुवार रात को कुछ बदमाशों ने उनके घर के बाहर फायरिंग की है। घर के बाहर कुछ बदमाशों ने 6 से 7 राउंड फायर किए हैं। इसके बाद मौके से फरार हो गए।मोहाली के सेक्टर 71 स्थित घर के बाहर घटी है।

### आवारा कुत्तों से बचने को तीसरे माले पहुंची गाय

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की पारंपरिक इमारत 'वाड़ा' के लोगों की नींद शुक्रवार सुबह उस समय शोरगुल



से खुल गई, जब आवारा कुत्तों से बचने एक गाय इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई। यह घटना रविवार पेठ इलाके के परदेसी वाड़ा में सुबह करीब 6 बजे की है। आवारा कुत्तों के पीछा किए जाने पर एक जर्सी गाय इमारत के परिसर में घुस गई। वह लकड़ी की सीढ़ी से चढ़ी।

### बुलंदशहर में 3 की मौत और 31 घायल

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में 3लोगों की मौत हो गई



है, जबकि 31 घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना इलाके में गांव रौंडा के पास पंजाब के मोड़ा से हरदोई जनपद के शाहजहांपुर जा रहे डीसीएम में चालक समेत 36 मजदूर और उनके परिवारों के लोग सवार थे।

---

## दिल्ली में प्रमुख व्यापारी नेताओं का राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में ऐलान

# तुर्किये व अजरबैजान को पाक से 'दोस्ती की मार', आतंक समर्थकों से नहीं करेंगे व्यापार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों के पूर्ण बहिष्कार का सर्वसम्मति से ऐलान किया। कैट के महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह निर्णय दोनों देशों द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के समर्थन में दिए गए बयानों के विरोध में लिया गया है। व्यापारी नेताओं ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्किये और अजरबैजान को भारत में बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है। सम्मेलन में व्यापारियों ने तुर्किये व अजरबैजान से व्यापार बहिष्कार का संकल्प लिया है।

**दोनों देशों का किया जाएगा बॉयकॉट**

पहलगाम हमले के बाद व्यापारियों में फूटा **आक्रोश**

*सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने व्यापारिक संबंधों का किया बहिष्कार*



**भारत विरोधी नीतियों के चलते निर्णय लिया**

सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह ऐतिहासिक संकल्प लिया गया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्किये और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा। व्यापारियों ने कहा कि इन देशों की भारत विरोधी नीतियों के चलते यह निर्णय लिया गया है। चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। कैट का कहना है कि जो भी देश के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है।

***अब दोनों देशों को अरबों-खरबों का नुकसान होगा***

खंडेलवाल ने बताया कि अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के अप्रैल के बीच भारत का तुर्किये से निर्यात 5.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 6.65 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि आयात 2.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

**सभी तरह के आयात निर्यात बंद करेंगे: भरतिया**

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि भारत से तुर्किये को रिफाइंड पेट्रोलियम, मोटर व्हीकल्स और पार्ट्स, स्टील, कैमिकल्स, दवाएं, कीमती पत्थर और वस्त्र सहित कई प्रमुख वस्तुएं निर्यात होती हैं, जबकि तुर्किये से भारत को कच्चा पेट्रोलियम, मशीनरी, मार्बल, गोल्ड, फल, प्लास्टिक और वस्त्र आयात होते हैं। भारत से अजरबैजान को तंबाकू, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाएं, सिरेमिक उत्पाद, अनाज आदि निर्यात होते हैं जबकि अजरबैजान से भारत को प्रमुख रूप से खनिज तेल, केमिकल्स, कच्ची खालें, एल्यूमिनियम और कॉटन आदि आयात होते हैं।

**जीजेसी ने भी किया विरोध**

### दोनों देशों के साथ रत्न व आभूषण व्यापार बंद करें

अखिल भारतीय रत्न व आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने शुक्रवार



को उद्योग से 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रति समर्थन दिखाने के लिए तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक लेनदेन निलंबित करने की अपील की है। जीजेसी ने एक बयान में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से यह अपील की है।

**स्वदेशी जागरण मंच ने पोस्टर फाड़े, नारेबाजी की**

## तुर्किये-अजरबैजान से व्यापार नहीं करने का ऐलान



दिल्ली में स्वदेशी जागरण मंच के नेतृत्व में तुर्किये के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति एर्दोगन के पोस्टर फाड़े और तुर्की के पाकिस्तान को सैन्य समर्थन देने के खिलाफ नारेबाजी की। अब भारत ने तुर्किये के हथियारों और उत्पादों का बॉयकॉट करने का प्लान बना लिया है। स्वदेशी जागरण मंच ने भी तुर्किये के आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। मंच ने कहा कि चीन के बाद पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करने वाले दूसरे बड़े देश तुर्किये ने पाक की युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।

**तुर्किये ने आतंकी देश को बढ़ावा दिया**

मंच इस अपवित्र गठबंधन की कड़ी निंदा करता है। यह रक्षा सहयोग पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस को बढ़ावा देता है। तुर्किये का समर्थन प्रत्यक्ष मिलीभगत कहा जा सकता है। मंत ने कहा कि तुर्किये ने आतंकी देश पाकिस्तान को ब.ावा दिया है।

---

**चिदंबरम का इंडी अलायंस पर बड़ा बयान**

# खत्म होने के कगार पर गठबंधन, भाजपा एकजुट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने और कांग्रेस के 99 सीटें मिलने के पीछे इंडिया अलायंस को बड़ा कारण माना गया। राजनीतिक विश्लेषक ही नहीं कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने भी माना कि पार्टी को गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने से फायदा हुआ है। अब कांग्रेस बिहार में भी सहयोगी की भूमिका के लिए तैयार है और आरजेडी बड़े रोल में है।

भले ही इंडिया गठबंधन की एकजुटता का दावा कांग्रेस और विपक्षी दल कर रहे हों, लेकिन खुद कांग्रेस इससे इत्तफाक रखते नजर नहीं रखती। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने इस बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि मैं खुद निश्चित तौर पर नहीं कह सकता हूं कि इंडिया अलायंस का भविष्य बहुत उज्ज्वल नजर नहीं आ रहा है। यह बयान भाजपा के लिए निशाना साधने का एक और अवसर जरूर बन गया है।

**इंडी में बिखराव संभव**

चिदंबरम के बयान के पीछे के समीकरणों और अवसरों को टटोला जाए, तो बात काफी हद तक ठीक भी लगती है। इस साल बिहार में आरजेडी और कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। चिदंबरम ने इंडिया अलायंस में मुद्दों पर सहमति नहीं बनने और बिखराव को लेकर अहम बात कही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एक बहुत मजबूत मशीनरी के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। मेरा अपना अनुभव और इतिहास के अपने अध्ययन के आधार पर कह सकता हूं कि भाजपा जितना संगठन के तौर पर मजबूत कोई और राजनीतिक दल नहीं है। यह एक मशीन के पीछे दूसरी मशीन है और यही दोनों मशीनें भारत की सभी सांस्थानिक मशीनरी को नियंत्रित करती हैं।

**तमिलनाडु, बंगाल में गठबंधन असंभव**

बंगाल में ममता बेनर्जी किसी भी सूरत में इंडिया गठबंधन के साथ समझौता करने के मूड में नहीं हैं। भाजपा की संगठनात्मक क्षमता में पिछले डेढ़ दशक में जबरदस्त उभार देखने को मिला है। पार्टी ने बंगाल और तमिलनाडु में भी अपना सक्रिय संगठन बनाया है। संगठन के साथ ही जीतने वाले कैंडिडेट को अपने दल में शामिल करना हो या फिर सहयोगियों से गठबंधन करना हो, पार्टी हाई कमान तत्परता से फैसले लेती है। तमिलनाडु में एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन हो चुका है और बंगाल में तूफानी प्रचार का दौर जारी है। बंगाल में दीदी को मनाना टेढ़ी खीर है।

---

**सुप्रीम कोर्ट ने पलटा कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला**

हाइकोर्ट ने मुंबई के पक्ष में सुनाया था फैसला

## अदालत ने इस्कॉन सोसाइटी को ही दिया 'हरे कृष्ण मंदिर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को माना कि बेंगलुरू में हरे कृष्ण मंदिर शहर में इस्कॉन सोसाइटी का है। शीर्ष अदालत ने इस्कॉन बेंगलुरु की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बेंगलुरू में प्रतिष्ठित हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर पर नियंत्रण के लिए इस्कॉन मुंबई के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। ये फैसला न्यायमूर्ति एएस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनाया।

**करीब डेढ़ दशक तक चला कानूनी दांव-पेंच**



इस्कॉन बेंगलुरु ने 23 मई, 2011 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए 2 जून, 2011 को शीर्ष अदालत का रुख किया था। याचिका में इस्कॉन बेंगलुरु, जिसका प्रतिनिधित्व इसके पदाधिकारी कोडंडाराम दास ने किया, ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी, जिसने बेंगलुरु की अदालत के 2009 के आदेश को पलट दिया।

**पहले बेंगलुरु फिर मुंबई के पक्ष में आया फैसला**

इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसमें इसके कानूनी शीर्षक को मान्यता दी गई थी और इस्कॉन मुंबई के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा दी गई थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने इस फैसले को पलट दिया और इस्कॉन मुंबई के प्रतिवाद को बरकरार रखा, जिससे उन्हें प्रभावी रूप से मंदिर पर नियंत्रण मिल गया।

---

अधिकारियों से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कहा

# बिहार में 2024 के आम चुनाव में कम मतदान पर चुनाव आयोग ने जताई चिंता

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को 2024 के आम चुनाव में राज्य में हुए कम मतदान पर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों से चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीति बनाने को कहा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार का मतदाता मतदान राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम था। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बिहार के चार दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने शुक्रवार को यहां सीईओ, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी कुंदन कृष्णन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

### लोस चुनाव में मतदान राष्ट्रीय औसत से 10 प्रतिशत कम




**56-57 फीसदी के बीच रहा मतदान**

जोशी ने कहा कि पिछले 10 साल में हुये आम चुनाव में बिहार में मतदान का प्रतिशत 56-57 फीसदी के बीच रहा है, जिस पर सुधार करने के उद्देश्य से काम करने की आवश्यकता है।" बिहार में कुल 7,69,046 दिव्यांग मतदाता हैं जबकि 5,91,347 बुजुर्ग मतदाता हैं जिनकी आयु 85 साल से अधिक है।

**मुद्दों पर चर्चा की गई**


बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सीईओ ने एक बयान में कहा, "निर्वाचन आयुक्त ने बिहार में कम मतदान पर चिंता व्यक्त की। मतदान का राष्ट्रीय औसत 66.10 प्रतिशत है, जबकि बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में केवल 56.28 फीसदी मतदान हुआ था, जो काफी कम है।' जोशी ने मतदान बढ़ाने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

---

**व्यापार समाचार**

### मुनाफावसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 200 अंक लुढ़का

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों और भारती एयरटेल में मुनाफावसूली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 200 अंक और



निफ्टी में 42 अंक की सुस्ती रही। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सत्र में बाजार के सात महीनों के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली को तरजीह दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक यानी 0.24 प्रतिशत गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.79 अंक गिरकर 82,146.95 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 42.30 अंक यानी 0.17 प्रतिशत गिरकर 25,019.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल भारती एयरटेल के शेयर में 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई। सिंगटेल के दूरसंचार कंपनी में अपनी प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का लगभग 1.2 प्रतिशत हिस्सा करीब 1.5 अरब डॉलर में बेचने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया। बाजार पूरे कारोबारी सत्र में नकारात्मक दायरे में रहा।

### सोना 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल



भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमशः 95,050 रुपये और 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 50.85 डॉलर यानी 1.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,189.25 डॉलर प्रति औंस रहा था। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, "अमेरिका, ब्रिटेन तथा चीन जैसे प्रमुख भागीदारों के बीच संभावित व्यापार समझौतों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और सोने की कीमत 3,200 डॉलर के आसपास मंडराती रही।"

### वोडाफोन आइडिया 10 महीनों की मेहमान मदद न मिली तो जाना होगा एनसीएलटी

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड शायद बहुत ज्यादा दिनों तक न चल पाए और दिवालिया हो जाए। वोडाफोन आइडिया ने सरकार को चेतावनी दी है कि सरकार के सपोर्ट के बिना वह वित्त वर्ष 2025-26 से आगे काम नहीं कर पाएगी। उसे दिवालियापन यानि इनसॉल्वेंसी के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। वोडाफोन आइडिया का कहना है कि सरकारी सपोर्ट के अभाव में, सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी की वैल्यू जीरो हो सकती है। नतीजतन, कंपनी से 1.18 लाख करोड़ रुपए के स्पेक्ट्रम बकाया की वसूली नहीं हो पाएगी। कंपनी ने यह भी दावा किया कि उसे 26,000 करोड़ रुपए के इक्विटी इनफ्यूजन और सरकार की ओर से कंपनी में हिस्सेदारी ले लेने के बावजूद बैंकों से सपोर्ट नहीं मिला है। वोडाफोन आइडिया ने सरकार से कहा कि उसके सपोर्ट के बिना बैंक फंडिंग आगे नहीं बढ़ पाएगी और कंपनी वित्त वर्ष 2026 से आगे ऑपरेट नहीं कर पाएगी।

---

**दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला**

## 'रोडरेज' मामले में वकील की अग्रिम जमानत खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'रोड रेज' के एक मामले में एक वकील को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान पर 'दिनदहाड़े हिंसा' के लिए राहत देने से समाज में यह 'गलत संकेत' जाएगा कि हमलावर अपने पेशे के कारण आजाद घूम रहा है। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने कहा कि कानून की नजर में सभी समान हैं और गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से वकालत के नेक पेशे की छवि खराब होगी। न्यायालय ने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर दिनदहाड़े हिंसा के मामले में अग्रिम जमानत देने से समाज में गलत संकेत जाएगा कि हमलावर ने कानून को अपने हाथ में लिया और सिर्फ इसलिए आजाद घूम रहा है क्योंकि वह एक वकील है। आरोपी और उसके भाई ने फरवरी में दोपहिया वाहन से देवली रोड जा रहे एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर पर हमला किया था।

तालिबान के साथ भारत का बड़ा कूटनीतिक दांव

# विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने अफगान समकक्ष से पहली बार की चर्चा पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा, जिसमें 27 निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई थी। बता दें, अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया है कि अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मुत्तकी से आज काफी अच्छी बात हुई है। उन्होंने पहलगाम हमले की निंदा की है जिसकी हम तारीफ करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास फैलाने की पाकिस्तान की कोशिशों को जिस तरह से मुत्ताकी ने खारिज किया है, उसका स्वागत करते हैं

**खास बातें**

- अफगानिस्तान ने भारतीय रॉकेट हमले का पाकिस्तानी दावा खारिज किया था
- भारत और अफगान के बीच पुराना दोस्ताना इसे भविष्य में बढ़ाने पर की गई चर्चा



**विकास के लिए देंगे समर्थन**

जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि अफगान के लोगों के साथ हमारी पारंपरिक दोस्ती और उनकी विकास संबंधी जरूरतों के लिए निरंतर समर्थन को रेखांकित किया।

## मिसरी और मुत्ताकी की मुलाकात से बातचीत शुरू हुई

तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत 8 जनवरी को दुबई में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी। तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को मुत्ताकी से मुलाकात की थी।

**तालिबान सरकार की भारत से वीजा देने की डिमांड**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी का भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही है। बता दें, भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था। तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था।

**भारत से तालिबान सरकार को मान्यता नहीं, 20 साल में 25 हजार करोड़ दिए**

*भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन भारत ने पिछले 20 सालों में अफगानिस्तान को 20 हजार करोड़ रुपए की मदद कर चुका है। पिछले साल नवंबर में तालिबान ने मुंबई स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास में अपना डिप्लोमैट अपॉइंट किया था। रूस, चीन, तुर्की, ईरान और उज्बेकिस्तान में पहले से ही अफगान दूतावास हैं।*

**खबर संक्षेप**

### माउंट एवरेस्ट से उतरते समय पर्वतारोही की मौत



**काठमांडू।** एक 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही की दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट से उतरते समय मौत हो गई। दावा किया जा रहा है कि ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या होने पर भारतीय पर्वतारोही की जान गई। मृतक भारतीय पर्वतारोही की पहचान सुब्रत घोष के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। इस सीजन में माउंट एवरेस्ट पर मरने वाले सुब्रत घोष दूसरे विदेशी पर्वतारोही हैं। ट्रैकिंग कराने वाली एजेंसी के एमडी बोधराज भंडारी के हवाले से बताया कि सुब्रत घोष की जान माउंट एवरेस्ट की चोटी से ठीक नीचे हिलेरी स्टेप पर हुई।

### गाजा में इजराइली हमलों में 108 लोग मारे गए

**दीर अल-बला।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया दौरे के समापन के बीच शुक्रवार को इजराइल द्वारा गाजा पर किए गए हमलों में 108 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार के हवाई हमलों में 27 महिलाएं और 31 बच्चे मारे गए तथा सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं। इजराइल ने शुक्रवार को यमन में दो बंदरगाहों पर भी हमला किया, जिसके बारे में उसने कहा कि इनका इस्तेमाल हूती विद्रोही समूह हथियारों के लेनदेन के लिए कर रहे थे। दीर अल-बला के बाहरी इलाकों और खान यूनिस शहर में बृहस्पतिवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक हमले किये गये।

खुफिया जानकारी साझा करने के उद्देश्य से नए केंद्र का किया उद्घाटन

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पीएम के दृढ़ संकल्प, सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब : शाह



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब है। शाह ने विभिन्न एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के उद्देश्य से दिल्ली में एक नये केंद्र का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। खुफिया ब्यूरो के तहत इस बहु एजेंसी केंद्र की स्थापना 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद की गई थी, जिसका उद्देश्य कानून प्रवर्तन में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच समय पर जानकारी साझा करना है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में सात मई को तड़के पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। भारत और पाकिस्तान ने 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई।

**प्रियंका ने कहा- भाजपा नेताओं की ओर से सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक**

## कांग्रेस ने मप्र के उपमुख्यमंत्री देवड़ा का इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सेना के संदर्भ में दिए गए "अपमानजनक" बयान की निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। दूसरी तरफ, देवड़ा ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। उपमुख्यमंत्री ने जबलपुर में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए देश, उसकी सेना और सैनिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने



महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है।" उन्होंने दावा किया कि पूरे देश की जनता सेना के शौर्य पर गौरवान्वित है, लेकिन भाजपा के लोग सेना को अपमानित कर रहे हैं और भाजपा अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि भाजपा ऐसा करके देश की सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है? कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, "मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से पहले राज्य सरकार के मंत्री विजय शाह ने जो घिनौनी बात कही है, उसे सुनकर पूरा देश स्तब्ध है। सेना और सैनिक किसी के चरणों में नतमस्तक हैं, ऐसी बात इस देश का कोई व्यक्ति कह ही नहीं सकता।" उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जिस सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया और पाकिस्तान की रूह कंपा दी, उस सेना के लिए ऐसा कहना पाप है, लेकिन भाजपा और उनके नेता ये काम बार-बार कर रहे हैं। रमेश ने कहा, "हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है, क्योंकि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं।

## अब भारत आतंकियों को माकूल जवाब देने के लिए तैयार

### भारत को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए : सिद्धरमैया

**कोप्पल (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को



कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को आतंकवादियों का सफाया करने और यह सुनिश्चित करने के लिए और अधिक कठोर कार्रवाई करनी चाहिए थी कि पाकिस्तान भविष्य में उनका समर्थन नहीं करे। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार दिए गए बयानों पर भी सवाल उठाए।

### भारतीय सशस्त्र बल आतंकवादी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं : किशन रेड्डी

**हैदराबाद (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि पहले



जब भी आतंकवादी हमले होते थे, तो प्रतिक्रिया केवल सहानुभूति व्यक्त करने और पुष्पचक्र चढ़ाने तक ही सीमित होती थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। केन्द्रीय कोयला मंत्री रेड्डी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की योजना बहुत ही सावधानी से बनाई गई और उसे क्रियान्वित किया गया तथा पड़ोसी क्षेत्रों को प्रभावित किए बिना पाकिस्तान स्थित लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधा गया।

### उत्तराखंड : सरकार ने अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए शुरू किये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए शुक्रवार को भारतीय सेना, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्रालय के प्रति एक अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया। ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता पर भारतीय सेना, प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्रालय के लिए सर्वसम्मति से अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया।

भारत-पाक मीडिया ने ही खोल दी पोल

# इशाक ने अपनी ही संसद में दिखा दी 'फर्जी' खबर




एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तान की संसद में एक विदेशी अखबार की फर्जी तस्वीर का जिक्र कर झूठा दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना संघर्ष में भारतीय वायुसेना पर भारी पड़ी। इस दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने ब्रिटिश अखबार द डेली टेलीग्राफ के एक लेख की तस्वीर का हवाला दिया।

हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया ने ही अपने विदेश मंत्री के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। फैक्ट चेक में विदेशी अखबार की तस्वीर फर्जी निकली है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को पाकिस्तान की संसद में बताया कि ब्रिटिश अखबार द डेली टेलीग्राफ ने लिखा कि 'पाकिस्तानी वायुसेना, आकाश में निर्विवाद किंग रही।' इस पर पाकिस्तान के एक जाने-माने अखबार ने ही फैक्ट चेक कर अपने विदेश मंत्री के दावे को खारिज कर दिया।

### पाकिस्तान और भारत को बातचीत से मुद्दों को सुलझाना चाहिए : शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार रात कहा कि पाकिस्तान और भारत को शांतिपूर्ण पड़ोसियों की तरह बातचीत की मेज पर बैठकर कश्मीर सहित अपने लंबित मुद्दों को सुलझाना चाहिए। देश ने अपनी सेना के सम्मान में 'यौम-ए-तशक्कुर' (धन्यवाद दिवस) मनाया। यहां पाकिस्तान स्मारक पर आयोजित विशेष 'यौम-ए-तशक्कुर' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहबाज ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ने तीन युद्ध लड़े और इससे उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। शहबाज ने कहा, "सबक यह है कि शांतिपूर्ण पड़ोसियों की तरह दोनों मुल्कों को बैठकर जम्मू कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों को सुलझाना चाहिए।

### फैक्ट चेक में फर्जी निकली तस्वीर

फैक्ट चेक के जरिए पता लगाया कि वायरल तस्वीर में जो लेख है, उसमें स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादकीय में नहीं हो सकतीं। पेज का लेआउट भी डेली टेलीग्राफ के लेआउट से मेल नहीं खाता। पाकिस्तान के कई अन्य पत्रकारों ने भी इस तस्वीर का फैक्ट चेक किया और इस खबर को फर्जी पाया। एक यूजर ने भी द डेली टेलीग्राफ की तस्वीर को एआई जेनरेट बताया और संसद में दिए उप-प्रधानमंत्री के दावे को शर्मनाक करार दिया। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह से मात खाने के बाद पाकिस्तानी सेना और सरकार अपने देश में फर्जी प्रोपेगैंडा चला रहे हैं ताकि जनता की नजरों में हीरो बनकर बेइज्जती से बचा जा सके।

# रक्षा मंत्रालय ने बताया, 9-10 मई के पाक हमले को आकाशतीर ने नाकाम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 9 और 10 मई की रात पाकिस्तान की तरफ से हुए हमले को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम आकाशतीर ने नाकाम किया था। यह पूरी तरह से स्वदेशी डिफेंस सिस्टम है। यह तीनों सेनाओं के पास मौजूद है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर एक बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। मीटिंग में किस पर चर्चा हुई, इसकी जानकारी नहीं मिली है।

**पीएम मोदी ने गृह मंत्री शाह, विदेश मंत्री जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल के साथ की बैठक**

**यह पूरी तरह से स्वदेशी डिफेंस सिस्टम, यह तीनों सेनाओं के पास मौजूद**

*रक्षा मंत्रालय ने बताया- 9 और 10 मई की रात को पाकिस्तान ने भारत के मिलिट्री और सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया था। भारत ने अपने डिफेंस सिस्टम आकाशतीर से पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया। यह पूरी तरह स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम है। यह ऑटोमेटेड एयर डिफेंस कंट्रोल है, जो हथियारों को डिटेक्ट करके उन्हें खत्म कर देता है। आकाशतीर में कई रडार, सेंसर और कम्युनिकेशन नेटवर्क सिस्टम हैं। इसे आत्मनिर्भर भारत इनीशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसे आर्मी, नेवी और एयरफोर्स तीनों में शामिल किया गया है। आकाशतीर को आसान शब्दों में समझना चाहें तो यह इंटेलिजेंट, प्रो-एक्टिव और तेजी से जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम है। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के चीफ डिजाइनर रहे कोटा हरिनारायण ने कहा है कि आने वाले कुछ साल में भारत फाइटर प्लेन बनाने के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा।*

मोदी सरकार की नई पहल

# हर महीने जानेंगे बेरोजगारी दर, निकालेंगे रास्ता

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्र सरकार देश में बेरोजगारी दर से निपटने में अब पूरी तरह कमर कस चुकी है। एक अध्ययन कराया जा रहा है कि युवाओं में बेरोजगारी की दर किस स्तर पर कितनी है। नीति आयोग में विशेषज्ञों का एक दल काम कर रहा है। वो केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय के इस आंकडे से चौक गया कि पढाई लिखाई कर एक अदद नौकररी पाने की लालसा रखने वाले युवाओं में बेरोजगारी की दर कुल बेरोजगारी दर से दोगुने से भी ज्यादा है। 15-29 वर्ष की आयु वर्ग में बेरोजगारी दर 13.8 फीसदी रही, जब कि कुल बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी रही। मंत्रालय की ओर से आंकडा अप्रैल तक का जारी किया गया है। जाहिर है यह आंकडा युवाओं के बीच रोजगार की कमी को उजागर करता है। विशेष रूप से पढ लिख कर शुरूआत की आयु में महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में, चिंताजनक रही।

**सांख्यिकी मंत्रालय ने जारी किये अप्रैल के आंकडे, 15-29 वर्ष के युवाओं में बेरोजगारी दर भयावह**

तुर्किये ने मध्यस्थता की, दोनों देशों के प्रतिनिधि शामिल थे

# रूस-यूक्रेन में जंग रोकने पर पहली वार्ता खत्म, 2 घंटे से भी कम चली बैठक

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तुर्किये में रूस और यूक्रेन के बीच जंग रोकने को लेकर चल रही पहली बातचीत खत्म हो गई है। इस्तांबुल में हो रही इस बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जिसकी मध्यस्थता तुर्किये के अधिकारियों ने की। यह बातचीत लगभग 2 घंटे तक चली। अभी इसके नतीजे सामने आना बाकी हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव और रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमिर मेंडिस्की ने किया। रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जंग जारी है।

### जल्द ही पुतिन से मिलूंगा: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से सीधी बीतचीत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जब तक पुतिन और मैं एक साथ नहीं आते, तब तक कुछ भी होने वाला है, चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं। लेकिन हमें इसे हल करना होगा क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं। हालांकि क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि पुतिन की आने वाले दिनों में ट्रंप से मिलने की कोई योजना नहीं है।

### रूस को जमीन नहीं देंगे: जेलेंस्की

जेलेंस्की ने इससे पहले साफ कहा है कि यूक्रेन कभी भी उन इलाकों को रूस का हिस्सा नहीं मानेगा, जो अभी रूस के कब्जे में हैं। शांति वार्ता आगे बढ़ेगी, लेकिन यूक्रेन अपनी जमीन से समझौता नहीं करेगा। जमीन यूक्रेन की है और यह हमेशा यूक्रेन की ही रहेगी। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो उस पर और भी कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के समन्वय और सहयोग से सफल रहा अभियान

# तीन दिन में दो बड़े आतंकवाद विरोधी मिशन में 6 आतंकी ढेर

**अवंतीपुरा (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में तेजी लाते हुए दक्षिण कश्मीर में पिछले तीन दिनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय एवं सहयोग और बढ़ी हुई सतर्कता के कारण दो सफल अभियान चलाए गए, जिनमें छह आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हम कश्मीर में किसी भी आतंकवादी गतिविधि को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हमेशा ऐसे कृत्यों को रोकने के लिए तैयार हैं। मंगलवार



और गुरुवार को क्रमशः शोपियां के केल्लर इलाके और पुलवामा के त्राल के नादर इलाके में मुठभेड़ हुई। दोनों अभियानों में तीन-तीन आतंकवादी मारे गए। इस दौरान दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में विक्टर फोर्स के मुख्यालय में विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद रहे।

## शोपियां के केल्लर इलाके और पुलवामा के त्राल के नादर इलाके में मुठभेड़ हुई

**त्राल में नागरिकों और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला**

जीओसी मेजर जोशी ने कहा कि हमारे पास खुफिया जानकारी थी कि बर्फ पिघलने के बाद आतंकवादी ऊंचे इलाकों की ओर चले गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हमारी टीम लगातार ऊंचे इलाकों, पर्वतीय क्षेत्रों और जंगलों में तैनात थीं। 12 मई की रात को सुरक्षा एजेंसियों को शोपियां के केल्लर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। हमने आतंकियों को चुनौती दी, इसके बाद मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। वहीं, त्राल में हमने गांव को चारों तरफ से घेर लिया था। आतंकवादियों ने अलग-अलग घरों में मोर्चा संभाल लिया और गोलीबारी शुरू कर दी। हमने मासूम नागरिकों, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालना।

**आतंकवाद का सफाया करने लोगों का समर्थन जरूरी**

*सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मितेश जैन ने कहा कि लोगों के समर्थन के बिना आतंकवाद का सफाया करना न केवल कठिन है, बल्कि असंभव भी है। सफल अभियान इस बात का प्रमाण है कि यहां के लोग जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा चाहते हैं। उत्तरी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने अवंतीपुरा में तीन आतंकियों को मार गिराने वाले संयुक्त अभियान में त्वरित और सटीक कार्रवाई के लिए चिनार कोर की सराहना की।*

75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित

# न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान, मार्गदर्शक के रूप में दी मान्यता



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है और लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाया गया।

### पूरी दुनिया में मनाएं जश्न

जेरेमी कूनी ने कहा कि मैं भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के सम्मान में यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, यह भारतीय स्वतंत्रता और उन कई बहादुर भारतीयों का जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने अपने देशवासियों की भलाई के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। यह दिन सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जाना चाहिए। पूरी दुनिया में भारतीय अपने समुदायों में स्थायी प्रभाव डाल रहे हैं। यह हमारे साझा इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाने और उस पर विचार करने के लिए एक साथ आने का अवसर है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25